रोहतक
बुधवार 15 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 70
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 37.1
न्यून. 22.2

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 एशियाई लॉन बाउल्स में भारत को स्वर्ण पदक

भारत सरकार
CBC 22201/13/0011/2627
अब नेतृत्व की बारी है,
नारी शक्ति वंदन
की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan
देश की बेटियों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण की गारंटी

15.8+ करोड़ घरों तक पहुंच रहा नल से स्वच्छ जल
12.1+ करोड़ शौचालयों से गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित

## अब बिहार में भाजपा के 'सम्राट'



**शपथ ग्रहण समारोह आज सुबह 11 बजे**

- सम्राट चौधरी होंगे बिहार के नए मुख्यमंत्री
- राजभवन पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया
- एनडीए की बैठक में नीतीश कुमार सम्राट चौधरी के प्रस्तावक बने
- माला पहनाई और विधायकों से तालियां भी बजवाईं
- सम्राट ने नीतीश के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**पटना (एजेंसी)।** सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें पहले भाजपा फिर एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। सम्राट राजभवन पहुंचे और राज्यपाल से मिलकर उन्होंने सरकार बनाने का दावा पेश किया। लोकभवन में बुधवार को शपथग्रहण समारोह होगा। इसके साथ ही बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। विधानसभा के सेंट्रल हॉल में एनडीए की बैठक में नीतीश सम्राट के प्रस्तावक बने। नीतीश ने उन्हें माला पहनाई। विधायकों से ताली बजवाई। सम्राट ने भी पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने कहा, 'मैंने नीतीश जी से राजनीति सीखी है। उनके साथ मैंने काम किया है। उनके समृद्ध बिहार को और आगे ले जाना है। इससे पहले नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा दे दिया। *(पेज 5 भी देखें)*

### नीतीश बोले-नई सरकार को मेरा मार्गदर्शन मिलता रहेगा

नीतीश कुमार इस्तीफे से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन नीतीश कुमार से मिलने पहुंचे। उनके साथ सम्राट चौधरी और भाजपा के कई सीनियर नेता भी थे। नीतीश कैबिनेट की आखिरी बैठक हुई। बैठक में नीतीश ने कहा - '2005 में मैं सरकार में आया, जहां तक मुझसे हो सका मैंने किया, नई सरकार को मेरा मार्गदर्शन मिलता रहेगा।'



### नीतीश कुमार ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल को अपना त्यागपत्र सौंपा दिया। कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री विजय चौधरी के साथ इस्तीफा देने के लिए लोक भवन पहुंचे। इससे पहले दिन में राज्य में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे कुमार ने अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों को मंत्रिपरिषद भंग करने के अपने निर्णय की जानकारी दी।

### कौन हैं सम्राट चौधरी?

16 नवंबर, 1968 में जन्मे सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। साल 1990 में सक्रिय राजनीति में उतरने वाले सम्राट चौधरी ने अपने करियर की शुरुआत राष्ट्रीय जनता दल से की थी। हालांकि, बाद में वे जदयू से होते हुए हम और भाजपा तक आए। एक तरह से देखा जाए तो सम्राट चौधरी का चुनावी और राजनीतिक सफर बेहद उतार-चढ़ाव वाला और कई दलों से जुड़ा रहा है।

### जातीय समीकरण साधा

बिहार की राजनीति में जातीय समीकरणों की बहुत अहमियत है। सम्राट चौधरी कुशवाहा जाति से ताल्लुक रखते हैं और बिहार में इस जाति का आधार करीब 7-9 प्रतिशत है। बिहार में यादव जाति के बाद सबसे ज्यादा वोटर कुशवाहा जाति के ही हैं। बिहार में हुए जातीय सर्वेक्षण के अनुसार, राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग 27 प्रतिशत, अति-पिछड़ा वर्ग 36 प्रतिशत है, जो राज्य की कुल आबादी का 63 प्रतिशत हो जाते हैं। यही वजह है कि बिहार की जातीय राजनीति को साधने में सम्राट कुशवाहा भाजपा के लिए अहम हैं।

### 16 राज्यों में भाजपा सीएम

सम्राट चौधरी को मिलाकर अब देश के 16 राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं। उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों जैसे दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, राजस्थान जैसे राज्यों में भाजपा की सरकार है। जबकि मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़ से लेकर पश्चिम भारत में महाराष्ट्र और गुजरात में भी भाजपा के मुख्यमंत्री हैं।

## 2,646 शहरी गरीब परिवारों के पास होगा अब अपना घर

### सरकार ने दी पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत मकानों को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा में जल्द ही शहरी गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का भी अपने घर का सपना साकार होगा। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी (पीएमएवाई-यू) 2.0 के तहत राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) की तीसरी बैठक में राज्य के 60 शहरी स्थानीय निकायों में 2,646 लाभार्थियों के लिए आवास परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। बैठक में 51 शहरी स्थानीय निकायों के 2,409 लाभार्थियों की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इसी दौरान 9 अन्य शहरी स्थानीय निकायों से 237 अतिरिक्त लाभार्थियों की परियोजनाएं भी प्राप्त हुईं। समिति द्वारा इनकी भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस प्रकार इस चरण में कुल 60 शहरी स्थानीय निकायों के 2,646 लाभार्थियों को मंजूरी दी गई। हाउसिंग फॉर ऑल विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार के यूनिफाइड वेब पोर्टल के माध्यम से अब तक 1,69,483 आवेदकों ने आवास मांग दर्ज कराई है। इनमें से 97,584 आवेदन बेनिफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन (बीएलसी) श्रेणी में हैं, जबकि 71,899 आवेदन अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप (एएचपी) श्रेणी में हैं।



### लाभार्थियों को मिलती है 2.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता

पीएमएवाई-यू 2.0 के बीएलसी घटक के तहत पात्र लाभार्थियों को सभी मौसमों के अनुकूल बहुमंजिला पक्का मकान बनाने के लिए 2.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इसमें 1.50 लाख केंद्र सरकार और 1.00 लाख राज्य सरकार का हिस्सा होता है। मकान का न्यूनतम कार्पेट एरिया 30 वर्ग मीटर तथा अधिकतम 45 वर्ग मीटर निर्धारित किया है।

### 60 निकायों में आवंटन

1. पोर्टल पर 169483 ने मांग दर्ज करवाई, 97584 बीएलसी श्रेणी के, 71899 एएचपी श्रेणी के
2. 46902 आवेदनों का सत्यापन 17465 स्वीकृत और 29437 अस्वीकृत किए जा चुके
3. 17430 आवासों को केंद्र से मिल चुकी मंजूरी

### 12552 मकानों की जियो टैगिंग की जा चुकी

बीएलसी श्रेणी के अंतर्गत अब तक 46,902 आवेदनों का सत्यापन किया जा चुका है। इनमें से 17,465 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं और 29,437 आवेदन जांच के बाद अस्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा, 12,552 मकानों की जियो-टैगिंग भी की जा चुकी है, जो लाभार्थियों को केंद्रीय सहायता जारी करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत 17,430 लाभार्थियों की आवास परियोजनाओं को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दी जा चुकी है। यह मंजूरी 20 मार्च, 2025 और 15 अक्टूबर, 2025 को हुई केंद्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति की बैठकों में दी गई।

### 32 सिटी लेवल टेक्निकल सेल कलस्टर का प्रस्ताव

बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए वार्षिक क्षमता निर्माण योजनाओं को भी मंजूरी दी गई, ताकि राज्य और शहरी स्तर पर योजना के क्रियान्वयन तंत्र को और मजबूत किया जा सके। इन योजनाओं के तहत सभी 87 शहरी स्थानीय निकायों और 3 शहरी विकास प्राधिकरणों में 32 सिटी लेवल टेक्निकल सेल क्लस्टर स्थापित करने का प्रस्ताव है।

### कुल 704.45 लाख रुपये का प्रस्तावित बजट

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए क्षमता निर्माण के लिए कुल 704.45 लाख रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है, जबकि वर्ष 2026-27 के लिए 772.85 लाख रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। यह व्यय केंद्र और राज्य सरकार के बीच 60:40 के अनुपात में साझा किया जाएगा। इसके अंतर्गत स्टेट लेवल टेक्निकल सेल और सिटी लेवल टेक्निकल सेल की स्थापना, जियो-टैगिंग, थर्ड पार्टी गुणवत्ता निगरानी, सोशल ऑडिट, प्रशिक्षण कार्यशालाएं और एक्सपोजर विजिट जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### आईएमएफ ने जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान बढ़ाकर 6.5% किया

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ( आईएमएफ) ने भारत की जीडीपी ग्रोथ को लेकर नए आंकड़े जारी किए हैं। आईएमएफ के मुताबिक, मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव के बावजूद भारतीय इकोनॉमी पहले के अनुमान से कहीं ज्यादा तेजी से आगे बढ़ेगी। संस्था ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.5% कर दिया है। इससे पहले जनवरी में जारी अपनी रिपोर्ट में आईएमएफ ने इसके 6.4% रहने का अनुमान जताया था। मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में आईएमएफ ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की ग्रोथ रेट में 0.1% की मामूली बढ़ोतरी की गई है। *एजेंसी*

### भारत में ही बनेंगे तेजस फाइटर जेट के इंजन

**नई दिल्ली।** अमेरिकी डिफेंस कंपनी जीई एयरोस्पेस और भारत की सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के बीच फाइटर जेट इंजन बनाने की डील जल्द पूरी हो सकती है। दोनों कंपनियों ने लड़ाकू विमानों के लिए एफ 414 जेट इंजन के को-प्रोडक्शन को लेकर तकनीकी मामलों पर सहमति जताई है। मंगलवार को कंपनी ने बताया कि पिछले तीन साल से चल रही बातचीत में अब बड़ी प्रोग्रेस हुई है। जीई एयरोस्पेस और एचएएल के बीच साल 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान एफ 414 इंजन को लेकर एक शुरुआती समझौता हुआ था। तब से दोनों पक्ष इसके बारीक पहलुओं और तकनीक ट्रांसफर पर चर्चा कर रहे थे। *एजेंसी*

## होर्मुज स्ट्रेट की नाकाबंदी जारी ट्रंप बोले-दो दिन में फिर वार्ता

**तेल अवीव/वाशिंगटन।** ईरान और अमेरिका के बीच होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी को लेकर तनाव चरम पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दो दिन में फिर से वार्ता हो सकती है। इसके लिए पाकिस्तान सबसे ज्यादा संभावित जगह है। अल जजीरा के मुताबिक, ईरान अमेरिका से बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन दोनों में भरोसे की कमी है। ईरानी विदेश मंत्री अन्य देशों के नेताओं से बातचीत कर रहे हैं। यूरोप के कई देशों और ऑस्ट्रेलिया ने लेबनान में लड़ाई रोकने की अपील की है। दूसरी ओर मुंबई स्थित ईरानी कॉन्सुलेट ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में ईरान होर्मुज में मौजूद जहाजों पर मिसाइल दाग रहा है और कैप्शन में लिखा है कि 'अभी तो सिर्फ ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है।' अमेरिका ने सोमवार से होर्मुज स्ट्रेट में उन जहाजों की नाकाबंदी शुरू कर दी है जो ईरान को टोल दे रहे हैं।

- ईरान बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन दोनों में भरोसे की कमी



### पीएम मोदी ने ट्रंप से फोन पर 40 मिनट बात की

प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच करीब 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने ईरान जंग पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज खुला रहना चाहिए। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति और शांति बहाल करने की जरूरत पर बात की थी। फोन कॉल के दौरान पीएम मोदी ने ट्रंप से कहा, "भारत के लोग आपको पसंद करते हैं। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते मजबूत हैं। दोनों देशों के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है और अहम मुद्दों पर साथ मिलकर काम किया जा रहा है।

**सैलरी बढ़ाने को लेकर हिंसक प्रदर्शन**

### नोएडा में दूसरे दिन भी बवाल पुलिस से झड़प और पथराव

**गौतमबुद्धनगर (एजेंसी)।** नोएडा में सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मचारी मंगलवार को भी सड़कों पर उतर आए। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो झड़प हो गई। भीड़ ने 2-3 जगहों पर पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने वहां से खदेड़ दिया। सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की जा रही है। इसके अलावा, पीएसी और आरएएफ की 15 कंपनियां, 26 अफसर (8 एडिशनल एसपी और 18 डीएसपी) नोएडा भेजे गए हैं। आज ज्यादातर कंपनियां बंद हैं। वहीं, पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि अब तक 300 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं। इधर, यूपी सरकार ने सोमवार देर रात फैक्ट्री कर्मचारियों की सैलरी बढ़ा दी। न्यूनतम मजदूरी दरों में 3000 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। बढ़ी सैलरी 1 अप्रैल से लागू होगी।

- 15 कंपनियों की फोर्स, 26 पुलिस अफसर भेजे
- अब तक 300 से अधिक गिरफ्तार, सरकार ने बढ़ाई सैलरी

**17 अप्रैल से जारी होंगे एडमिट कार्ड**

### कांस्टेबल भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट 20 से

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने 5500 कॉन्स्टेबल भर्ती के लिए फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट (पीएमटी) की घोषणा कर दी है। यह प्रक्रिया 20 अप्रैल से पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में शुरू हो रही है। एडमिट कार्ड 17 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। शुरुआत में पहले हफ्ते तक हर रोज लगभग एक हजार कैंडिडेट्स को बुलाया जाएगा और उसके बाद प्रतिदिन 3 हजार तक कैंडिडेट्स बुलाए जाएंगे। सुबह 6:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। भर्ती प्रक्रिया के लिए कमीशन ने कंपनियों के साथ समझौता किया है। युवाओं की हाइट और चेस्ट मापने के लिए कमीशन ने जर्मनी से 25 मशीनें मंगवाई हैं। बताया जा रहा है कि मशीनों में सेंसर लगे हुए हैं। अगर किसी ने एड़ी उठाई, तो स्क्रीन पर जीरो आ जाएगा।

- एचएसएससी के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने दी जानकारी
- पहले सप्ताह में हर रोज एक हजार उम्मीदवार बुलाए जाएंगे

**छत्तीसगढ़ के सक्ती में हादसा**

### वेदांता पावर-प्लांट में बॉयलर फटा, 12 की मौत, 10 गंभीर

**सक्ती (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 12 मजदूरों की मौत हो गई। 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया था, जहां 6 मजदूरों की मौत बताई जा रही है। हादसे में 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे हैं। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हर रोज की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान अचानक दोपहर करीब 2 बजे बॉयलर ब्लास्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासन अधिकारी मौके पर पहुंचे। 11 घायलों को खरसिया के पद्मावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्लांट के बाहर मजदूरों के परिजनों ने हंगामा किया और घायलों से मिलने देने की मांग उठाई।

- 30 से 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे, कई 80% झुलसे
- अचानक दोपहर 2 बजे बॉयलर में हुआ ब्लास्ट

## लोकसभा सीटें बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने लोकसभा की कुल सीटों को 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है। इसका ड्राफ्ट बिल सांसदों के साथ शेयर किया है। प्रस्ताव के मुताबिक, 850 में से 815 सीटें राज्यों को और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों को दी जाएंगी। सरकार इस बदलाव के लिए संविधान संशोधन की तैयारी में है। इस प्रस्ताव को लागू करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 81 में संशोधन किया जाएगा। इसके लिए 16 अप्रैल से संसद का तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें महिला आरक्षण बिल पर भी चर्चा होगी। इस बिल को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है। यह कदम देश में संसदीय प्रतिनिधित्व को बड़े स्तर पर बदल सकता है, हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है।



**2029 से होगा लागू, महिलाओं को 33% आरक्षण मिलेगा, सीटें बढ़ाने पर दक्षिणी राज्यों का विरोध**

**815 सीटें राज्यों और 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों को दी जाएंगी**

**अमेरिकी राष्ट्रपति की मानसिक हालत को लेकर दुनिया में बहस तेज**

## क्या ट्रंप चालाकी से करते हैं अनियमित व्यवहार और बेहूदा टिप्पणियां या सच में हैं असामान्य?

**61% अमेरिकियों का मानना, ट्रंप हो गए हैं अनियमित**

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का लगातार अनियमित व्यवहार और बेहूदा टिप्पणियों ने उस बहस को और तेज कर दिया है, जो पिछले एक दशक से अमेरिकी राजनीति में उनके साथ जुड़ी रही हैं। यह सवाल फिर उठने लगा है क्या वे चालाकी से ऐसा करते हैं या सच में असामान्य हैं? पिछले हफ्ते ईरान को नक्शे से मिटा देने और आज रात पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी जैसी धमकी और रविवार रात पोप पर अपराध के मामले में कमजोर और विदेश नीति में खराब कहकर हमला करने जैसे बयानों ने कई लोगों को यह सोचने पर मजबूर किया है कि वे सत्ता के नशे में एक अस्थिर तानाशाह की तरह व्यवहार कर रहे हैं। हालांकि व्हाइट हाउस ने इन आकलनों को खारिज करते हुए कहा कि ट्रंप पूरी तरह सजग हैं और अपने विरोधियों को असहज बनाए रख रहे हैं। लेकिन उनके इस तरह के विस्फोटक बयानों ने युद्ध के समय अमेरिका के नेतृत्व को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। आधुनिक समय में ट्रंप के अलावा किसी भी अन्य राष्ट्रपति की मानसिक स्थिरता पर इतनी खुलकर और गहराई से बहस नहीं हुई।



### दक्षिणपंथी नेता भी उठा रहे सवाल

डेमोक्रेटिक नेताओं ने लंबे समय से ट्रंप की मानसिक स्थिति पर सवाल उठाए हैं और अब उन्होंने संविधान के 25वें संशोधन के तहत उन्हें पद से हटाने की मांग दोहराई है। लेकिन यह चिंता केवल विपक्ष तक सीमित नहीं है। सेवानिवृत्त जनरल, राजनयिक और विदेशी अधिकारी भी अब इस पर चिंता जता रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि यह आवाज अब राजनीतिक दक्षिणपंथ में भी सुनाई देने लगी है। पूर्व सांसद मारजोरी टेलर ग्रीन ने कहा कि ईरान को नष्ट करने की धमकी सख्त बयानबाजी नहीं, बल्कि पागलपन है। दक्षिणपंथी कमेंटेटर कैनडैक ओवंस ने उन्हें जनसंहार करने वाला पागल कहा, जबकि एलेक्स जोंस ने कहा कि ट्रंप बड़बड़ाते हैं और ऐसा लगता है कि दिमाग ठीक से काम नहीं कर रहा।

### खुद को स्थिर जीनियस बताते हैं डोनाल्ड

कुछ आलोचनाएं उन लोगों से भी आई हैं जो पहले उनके साथ काम कर चुके हैं। फिर भी सर्वेक्षणों में बढ़ती संख्या में अमेरिकी उनकी क्षमता पर सवाल उठा रहे हैं, खासकर जब वे 80 वर्ष की उम्र के करीब पहुंच रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार, 61% अमेरिकियों का मानना है कि उम्र के साथ ट्रंप अधिक अनियमित हो गए हैं और केवल 45% लोग मानते हैं कि वे मानसिक रूप से पूरी तरह सक्षम हैं। ट्रंप खुद को पहले बहुत स्थिर जीनियस बता चुके हैं।

भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में मंथन

# हरियाणा निकाय चुनाव के लिए भाजपा की रणनीति तैयार, पांच सदस्यीय कमेटी करेगी उम्मीदवारों का चयन

20 अप्रैल को उम्मीदवारों पर अंतिम फैसला

- विपक्ष पर फसल खरीद, बैंक फ्रॉड को लेकर हमला
- कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को हमेशा नजर अंदाज किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़




चंडीगढ़। भाजपा प्रदेश कार्यालय 'पंचकमल' में निकाय चुनाव के लिए स्ट्रैटेजी तैयार करते वरिष्ठ नेता।




चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को बुके देकर स्वागत करते पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश कार्यालय 'पंचकमल' में मंगलवार को कोर ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। लगभग दो घंटे तक चली कोर ग्रुप की बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम, पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम सहित पार्टी के जो कार्यक्रम हो चुके हैं और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। सभी नेताओं ने होने वाले नगर निकाय चुनाव की रणनीति पर भी मंथन किया। प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने संगठनात्मक विषयों को रखा। निकाय चुनाव के लिए पांच सदस्यीय कमेटी 15 और 16 अप्रैल को संबंधित क्षेत्रों में रायशुमारी कर रिपोर्ट तैयार करेगी। चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से फॉर्म लिए जाएंगे। 17 से 19 अप्रैल तक प्रत्येक वार्ड में कार्यकर्ताओं की बैठकें होंगी। 20 अप्रैल को चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नाम तय किए जाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में जनसंपर्क अभियान, सामाजिक कार्यक्रम और संगठनात्मक गतिविधियों को और गति दी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल लाया जा रहा है और इसके लिए रणनीति तैयार की गई है। भाजपा का महिला मोर्चा इस अभियान में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

### भाजपा चुनाव के लिए तैयार

सीएम ने कहा कि हम चुनाव के लिए तैयार है। निकाय चुनाव के लिए प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली कमेटी गठित करेंगे जिससे आगे की रणनीति पर गति से काम होगा। आजादी के बाद डा. अंबेडकर को किसी ने सम्मान दिया है तो वह मोदी ने दिया है। कांग्रेस ने हमेशा डा. अंबेडकर को नीचा दिखाने का काम किया।

### भाजपा रायशुमारी कर रिपोर्ट तैयार करेगी

बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव के लिए पांच सदस्यीय कमेटी जहां-जहां चुनाव होने हैं वहां पर 15 और 16 अप्रैल को रायशुमारी कर रिपोर्ट तैयार करेगी। चुनाव लड़ने के इच्छुक नेताओं से फार्म भी लिए जाएंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता चुनाव क्षेत्र में वहां के विधायकों, मंत्रियों से भी अलग से चर्चा करेंगे।

**बैठक में मौजूद रहे** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, राष्ट्रीय महासचिव ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय संसदीय बोर्ड सदस्य डॉ. सुधा यादव, डॉ. कमल गुप्ता, कैप्टन अभिमन्यु, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा सहित कोर ग्रुप समिति के अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु बोले

## महिला सशक्तिकरण पर संसद का बड़ा फैसला जल्द

**पंचकूला।** भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में हिस्सा लेने के लिए आए वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का संगठन है। पार्टी संगठन की समय-समय पर बैठक होती है। इस क्रम में इसी कड़ी में आज बीजेपी कोर ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक हुई है। हमारा संगठन हर समय किसी भी चुनाव के लिए तैयार रहता है, इसमें निकाय चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई है। बैठक में निकाय के चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं ने चिंतन मंथन किया है और जनता विकास को गति देने के लिए भाजपा के साथ में खड़ी है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा निकाय चुनाव में किस तरीके से किन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाए और पार्टी के पदाधिकारी निकाय क्षेत्र में जाकर चुनाव प्रक्रिया से जुड़कर काम करें इसको लेकर विस्तार से चर्चा हुई है।

### उम्मीदवारों के चयन पर चर्चा

पूर्व वित्तमंत्री और वरिष्ठ नेता ने कहा कि बैठक में उम्मीदवारों का चयन को लेकर भी चर्चा हुई है, भाजपा इकलौते पार्टी है, जिसका कार्यकर्ता बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक हर वक्त तैयार है। वर्तमान में जो भी निकाय चुनावों की घोषणा हुई है, उसमें भाजपा की जीत सौ फीसदी पक्की है।

### महिला हितों पर लगेगी मुहर

संसद जल्द ही महिला शक्ति के लिए एक बहुत बड़ा ऐतिहासिक फैसला जल्द ही लेने जा रही है। कैप्टन अभिमन्यु ने विपक्ष पर जमकर निशान साधा और कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का अगर कोई नीतिगत विरोध है तो संसद में विपक्ष को अपनी बात चर्चा में रखनी चाहिए। विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, ये विपक्ष का स्वभाव बन चुका है। विपक्ष के नेताओं पर तंज कसा और कहा कि वे वक्त को भूलकर व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

डॉ. आंबेडकर को समर्पित मैराथन को मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

# समता और सामाजिक न्याय के लिए दौड़

मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा कर बढ़ाया मनोबल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज यवनिका पार्क सेक्टर-5 से भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को समर्पित समता मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह दौड़ सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इससे पूर्व, मैराथन स्थल पर पहुंचने पर युवाओं और बच्चों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भी स्नेहपूर्वक लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने न केवल मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया, बल्कि प्रतिभागियों पर पुष्प वर्षा कर उनका मनोबल भी बढ़ाया। प्रतिभागियों ने "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम के नारों के साथ एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए ताऊ देवी लाल खेल स्टेडियम, सेक्टर-3 तक मैराथन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाबा साहेब की जयंती की बधाई दी।

### बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, त्याग की गाथा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, त्याग और संकल्प की एक अद्भुत गाथा है। उन्होंने अपने पूरे जीवन को समाज के उस वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया जो सदियों से वंचित और शोषित रहा। उन्होंने हमें केवल संविधान ही नहीं दिया बल्कि एक ऐसी विचारधारा दी जो समानता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांत पर आधारित हैं। आज की यह समता मैराथन उसी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है।

### सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ा रही

यह मैराथन हमें यह संदेश देती है कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव, असमानता या अन्याय स्वीकार नहीं है। हमें मिलकर ऐसे भारत का निर्माण करना है जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले, हर नागरिक को सम्मान मिले और कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों से वंचित ना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### डॉ. आंबेडकर के सम्मान और योगदान पर सच्चाई सामने लाना जरूरी : मेघवाल



**चंडीगढ़।** केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की भूमिका केवल संविधान निर्माण तक सीमित नहीं थी, बल्कि उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की लड़ाई को नई दिशा दी। अर्जुन राम मेघवाल ने यह बात मंगलवार को पंचकूला में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। मेघवाल ने भारत के विभाजन के समय गठित रेडक्लिफ आयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौर में लिए गए कई निर्णयों के कारण डॉ. आंबेडकर को भी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए संविधान सभा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## जिलों के दौरे से पहले विधायकों को सूचना देना अब जरूरी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार में बिना सूचना के होने वाले सरप्राइज फील्ड दौरे खत्म किए जा रहे हैं। सोमवार रात नायब सैनी की अध्यक्षता में सीएम आवास संत कबीर कुटीर में भाजपा विधायक दल की बैठक में यह अहम फैसला लिया गया। सरकार ने साफ कर दिया है कि अब कोई भी मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र से बाहर जाने से पहले संबंधित विधायक और जिला संगठन को पहले से जानकारी देगा। बैठक में करीब 30 मंत्री और विधायक शामिल हुएष।इस दौरान चुनावी रणनीति के साथ-साथ संगठन के अंदर तालमेल की कमी पर खुलकर बातचीत हुई। कई विधायकों ने नाराजगी जताई कि मंत्रियों के अचानक दौरे की जानकारी उन्हें नहीं मिलती और मंत्री आकर अपने हिसाब से कार्यक्रमों में शामिल होकर चले जाते हैं। इस कारण से कार्यक्रमों में गड़बड़ी होती है और कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ता है।

## भ्रष्टाचार जांच के लिए सतर्कता विभाग का पैनल होगा मजबूत

**चंडीगढ़।** सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार की जांच के लिए सतर्कता विभाग के पैनल में जांच अधिकारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और आइएएस-आइपीएस-आईएफएस अधिकारियों से लेकर सीबीआई अधिकारियों, मुख्य अभियंता, स्वास्थ्य निदेशक या महानिदेशक, केंद्रीय सचिवालय और अन्य केंद्रीय सेवाओं सेवानिवृत्त अधिकारियों और अभियोजन निदेशक को जांच अधिकारी बनाया जाएगा। नई नियुक्तियों से भ्रष्टाचार के आरोपित प्रथम और द्वितीय श्रेणी अधिकारियों के खिलाफ जांच में तेजी आएगी। विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार के मामलों में अनुशासनात्मक कार्यवाही का सामना कर रहे अधिकारियों के खिलाफ नियमित विभागीय जांच के लिए जांच अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं। नए जांच अधिकारियों की नियुक्ति के लिए सतर्कता विभाग ने 30 दिन मेंपैनल में शामिल होने के लिए पूर्व में आवेदन कर चुके सेवानिवृत्त अधिकारियों को दोबारा से आवेदन करना होगा।

### हिसार: अब रात में भी उतर सकेगी फ्लाइट

**चंडीगढ़।** हरियाणा के हिसार एयरपोर्ट को कैट वन श्रेणी में मिल गई है। इस श्रेणी के मिल जाने के बाद में एयरपोर्ट पर रात्रि में भी लैंडिंग हो सकेगी। विभाग की वरिष्ठआईएएस अमनीत पी कुमार ने पूछे जाने पर इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से इस दिशा में प्रयास किए जा रहे थे।

हाईकोर्ट का सख्त संदेश

## पति छात्र हो या बेरोजगार पत्नी को गुजारा भत्ता अनिवार्य

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि पति अपनी पत्नी के गुजारा भत्ता की कानूनी जिम्मेदारी से केवल इस आधार पर मुक्त नहीं हो सकता कि वह छात्र है या आर्थिक रूप से कमजोर है। अदालत ने कहा कि यदि पति शारीरिक रूप से सक्षम है और कमाने की क्षमता रखता है, तो पत्नी के प्रति उसका दायित्व पूर्ण और अनिवार्य है। यह टिप्पणी जस्टिस शालिनी सिंह नागपाल की एकल पीठ ने एक 22 वर्षीय इंजीनियरिंग के छात्र की याचिका खारिज करते हुए की। याचिकाकर्ता ने फरीदाबाद की फैमिली कोर्ट द्वारा अगस्त 2025 में पारित उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसे अपनी अलग रह रही पत्नी को 2500 प्रति माह अंतरिम गुजारा भत्ता देने के निर्देश दिए गए थे। मामले के अनुसार, दोनों की शादी जून 2020 में हुई थी, जब पति नाबालिग था और पत्नी 25 वर्ष की थी। पति ने वर्ष 2023 में विवाह निरस्तीकरण के लिए याचिका दायर की थी।

**नगर परिषद नारनौल**

**आम सूचना**

नगर परिषद नारनौल में शामिल किए गए गांवों (किरारोद अफगान, नसीबपुर, नूनी अव्वल, मीरपुर, कोजिन्दा) में स्थित नगर परिषद की कृषि योग्य भूमि को वर्ष 2026–27 के लिए फसल बोए जाने हेतु नियम व शर्तानुसार खुली बोली पर दिनांक 20.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे से नगर परिषद नारनौल कार्यालय में पट्टे पर छोडी जानी है। इच्छुक बोल. ीदाता दिनांक 20.04.2026 को सिक्योरिटी राशि 10,000 रूपए नगर परिषद कार्यालय में नकद जमा कराकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं केवल सिक्योरिटी राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बोली में भाग लेने का अधिकार होगा व नीलामी की शर्तें मौके पर सुना दी जाएगा।

**कार्यालय नगर परिषद, नारनौल**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक उर्फ बांदा, पुत्रः श्री रामफल, पताः गांव खेड़ी सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा** ने **FIR No. 490/2017, U/s 395/394/397/412/414/120B/201/34 IPC & 25/27/59 A. Act, पुलिस थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक उर्फ बांदा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक उर्फ बांदा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 490/2017, U/s 395/394/397/412/414/120B/201/34 IPC & 25/27/59 A. Act, पुलिस थाना के.एन. काटजू मार्ग, दिल्ली** के अभियुक्त **दीपक उर्फ बांदा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री वंदना
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–02, उत्तरी जिला
कमरा नं. 202, दूसरी मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/4870/RD/2026

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV)/हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: डीईएन/4/हावड़ा के अधीन। क्रमांक 1, ई-निविदा सं. 12_2026-27, दिनांक: 10.04.2026, कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल में मानसून के मौसम के लिए वैगनों में तथा जमीन पर स्टोन बोल्डर की आपूर्ति का आपातकालीन कार्य तथा अन्य विविध कार्य। अनुमानित लागत : रु. 2,71,50,707.05; बयाना राशि : रु. 5,43,000। क्रमांक 2, ई-निविदा सं. 13_2026-27, दिनांक: 10.04.2026, कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल में मानसून के मौसम के दौरान आपातकालीन सामग्री के रूप में खदान के स्टोन डस्ट की आपूर्ति। अनुमानित लागत: रु. 1,86,70,800; बयाना राशि : रु. 3,73,400। क्रमांक 3, ई-निविदा सं. 14 _2026-27, दिनांक: 10.04.2026, कार्य का विवरण: हावड़ा मंडल में मानसून के मौसम के दौरान आपातकालीन सामग्री के रूप में बल्लाह/रेल पाइलिंग तथा अन्य विविध कार्य। अनुमानित लागत : रु. 1,58,27,135.10; बयाना राशि : रु. 3,16,600। निविदा प्रपत्र की कीमत: रु. 0.00 (प्रत्येक के लिए)। समापन अवधि: स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 04 (चार) महीने (प्रत्येक के लिए)। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 04.05.2026 को अपराह्न 2.00 बजे (प्रत्येक के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान ऊपर उल्लेखित वेबसाइट के जरिए सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-21/2026-27)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हरियाणा ने 1.89 लाख मुफ्त डायलिसिस सेशन उपलब्ध कराए

पीजीआई रोहतक ने किडनी प्रत्यारोपण में 100% सफलता दर्ज की

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सरकारी अस्पतालों, जिनमें पीजीआई रोहतक भी शामिल है, ने वर्ष 2025–26 के दौरान क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को लगभग 1.89 लाख मुफ्त डायलिसिस सेशन उपलब्ध कराए। इसके साथ ही, पीजीआई रोहतक के नेफ्रोलॉजी विभाग ने फरवरी 2023 से अप्रैल 2026 के बीच किए गए 34 किडनी प्रत्यारोपणों में 100% सफलता-दर हासिल की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 2023 में शुरू किया गया यह कार्यक्रम लगातार प्रगति कर रहा है। दो सफल कैडेवरिक (मृत शरीर से) प्रत्यारोपणों के साथ हुई थी और तब से इसका लगातार विस्तार हुआ है।

## बीबीएमबी में नियुक्तियों पर हरियाणा-पंजाब का कोटा खत्म

दो अहम पदों पर अब क्षेत्रीय कोटे की बाध्यता समाप्त

**चंडीगढ़।** बीबीएमबी को लेकर केंद्र ने बड़ा निर्णय लेते हुए हरियाणा और पंजाब के लिए निर्धारित कोटा व्यवस्था को समाप्त कर दिया है। यह बदलाव वर्ष 1974 के नियमों में संशोधन के जरिए किया गया है, जिससे बोर्ड के दो महत्वपूर्ण पदों की नियुक्ति प्रक्रिया में बड़ा परिवर्तन आया है। केंद्र सरकार ने बीबीएमबी में नियुक्तियों से जुड़े नियमों में संशोधन करते हुए उन प्रावधानों को हटा दिया है, जिनके तहत हरियाणा और पंजाब के अधिकारियों के लिए तय हिस्सेदारी (कोटा) सुनिश्चित थी। अब इन पदों पर नियुक्ति पूरी तरह से योग्यता और केंद्र के विवेक के आधार पर की जाएगी। सदस्य (सिंचाई) सदस्य (विद्युत) पर लागू होगा। पहले इन पदों पर हरियाणा और पंजाब के अधिकारियों के लिए बारी-बारी से या तय कोटे के तहत नियुक्ति होती थी।

## बीबीएमबी को लेकर नोटिफिकेशन हरियाणा के हितों पर कुठाराघात: हुड्डा



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड को लेकर जारी केंद्र सरकार के नए गजट नोटिफिकेशन को पूरी तरह हरियाणा विरोधी करार दिया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा जब पंजाब से अलग हुआ तो बाकायदा बोर्ड के नियम बनाए गए थे। इन नियमों में हरियाणा के हितों का ध्यान रखते हुए कई प्रावधान किए गए थे। बोर्ड में सिंचाई का मेंबर हरियाणा से होगा, पावर का सदस्य पंजाब से होगा और अध्यक्ष हिमाचल का नहीं होगा। अब नए फैसले में कहा गया है कि किसी भी पद पर, किसी भी प्रदेश का सदस्य विराजमान हो सकता है। इससे हरियाणा के अधिकारों से खिलवाड़ की आशंका है। क्योंकि यह पहले भी हो चुका है।

### सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार छुएगा नई ऊंचाइयां

**चंडीगढ़।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के तय होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सम्राट चौधरी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाकर बिहार और देश में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्होंने कहा कि जोश और हिम्मत से लबरेज, खुला दृष्टिकोण है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **युद्धवीर पुत्रः रामनिवास पताः मकान नं. 51, ग्राम पोस्ट ऑफिस दखोरा, पाहा–सलभल, बड़ी चौक के पास, क्रांति चौक, बहादुरगढ़, हरियाणा–124507** ने **CC No. 8199/2018 U/s 138 NI Act, थानाः राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **युद्धवीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **युद्धवीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 8199/2018 U/s 138 NI Act, थानाः राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **युद्धवीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 03.07.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अर्जुन किराड़
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (एन आइ एक्ट)–05, केन्द्रीय
रूम नं. 2, भूतल (केन्द्रीय जिला), न्यायालय उपभवन–01,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/4465/CD/2026 (Court Matter)

विदेशी धरती पर संकट में फंसने और प्राण गंवाने वालों की मदद

# सैनी सरकार ने दिए 5 से 7 लाख रुपये रिलीफ फंड बना गरीबों का अंत्योदय

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने विदेशी धरती पर फंस जाने और किसी भी कारण से मृत्यु हो जाने जैसे मामलों को लेकर राज्य में कल्याण कोष स्थापित कर दिया गया है। सीएम सैनी सरकार ने इस मामले में दरियादिली दिखाते हुए उन परिवारों की मदद की है, जिनके पास विदेशी धरती से शव लाने तक के पैसे नहीं थे। इसके अलावा भी कई मामलों में इसी तरह से भरपूर मदद की जा रही है। विदेशी धरती पर डालर और पैसे के खेल को लेकर शायद प्रसिद्ध कवि गोपाल दास नीरज की ये पंक्तियां फिट बैठकी हैं, कुछ इस तरह से उन्होंने कमर्शियल लोगों को लेकर पीड़ा बयां की थी बानगी देखिए- आखिरी सफर के इंतजाम के लिए जेब भी कफन में इक लगानी चाहिए।

### 150 युवाओं की जान गई

सूत्रों का कहना है कि गत दो से तीन साल के बीच हरियाणा के विभिन्न जिलों से लगभग 150 युवाओं की विभिन्न कारणों से जान गई हैं। इसमें डंकी रूट से जाने वालों के रास्ते में जान गंवाने से लेकर विदेशी धरती पर दुर्घटनाएं साथ ही भयंकर बीमारी में अस्पताल में भर्ती होने के बाद दम तोड़ देने, पानी में डूब जाने के बाद मौत अथवा कई बार लुटेरों द्वारा लूटपाट के बाद में हत्या जैसे मामले भी शामिल हैं। अहम बात यह है कि गत बीते एक साल के अंदर 39 मौत युवाओं की हुई हैं। कर्जा लेकर विदेश चले जाने वाले और वहां जान गंवाने वाले भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रिलीफ फंड से पांच से सात लाख की अधिकांश परिवारों की मदद की है।

### पैसे से नहीं, बल्कि अन्य तरीके से भी मदद

विदेश जाने वाले युवाओं को अब संयम के साथ में जाने वाले देशों में बोली जाने वाली भाषा सिखाने से लेकर जाने से खास ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है। वहां जाने के बाद में उनके सामने कोई चुनौती आने के हालात में उन्हें उसका निराकरण कैसे करना है। संकट में फंसने और जान गंवाने, अथवा दुर्घटना का शिकार होने, डंकी में फंस जाने पर पहला कदम क्या उठाना है? सभी बातें सिखाई जा रही हैं। इतना ही नहीं उसके बाद भी कोई संकट आने के हालात में परिवारों की मदद का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है।

### डॉलर कमाने का ग्लैमर कम नहीं हुआ

विदेश जाने के इच्छुक युवाओं खासतौर पर पंजाब से लगते जिलों में अभी भी विदेशी धरती पर जाकर डॉलर कमाने का ग्लैमर कम नहीं हुआ है। यही कारण है कि पिछले दो से ढाई से तीन साल के बीच में डेढ़ सौ युवाओं की जान जा चुकी है। इतना ही नहीं अपनी जमीन और कर्जा लेकर विदेशी धरती पर जाने वालों के सामने जब युवाओं की मृत्यु हो जाती है।

### प्रभावित जिलों पर नजर

अधिकांश प्रभावित जिलों पर नजर डालें, तो करनाल, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, गुरुग्राम, अंबाला, झज्जर कैथल, हिसार, फतेहाबाद पंचकूला जैसे जिलों के मामले शामिल हैं। इसमें किसी की मौत दुर्घटना में हुई है, तो कई बीमार होकर मरा है।

**TENDER NOTICE : DISTRICT OFFICE, HAFED FATEHABAD**

| Sr. No. | Name of Department | PARTICULARS | Opening and Closing Date of Tender | Security Amount (In Rs.) | Contact No. /E-mail ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | The Haryana State Co-operative Supply & Marketing Fed. Ltd., Fatehabad | Hafed is interested to enter in annual repair & maintenance contract for the weighbridges installed at Hafed Jakhal, Ratia, Nagpur, Bhattu, Tohana & Matana 60 MT each, Hafed Old Complex Ratia 40 MT and Hafed New Complex Bhuna 100 MT for the year 2026-27 with effect from 01.04.2026 to 31.03.2027. Interested Parties having experience of 3 years in Govt. Organization may send their sealed quotations to the undersigned on dated 17.04.2026 upto 12:00 noon and the same will be opened/finalized in the presence of the interested parties on the same day at 2:30 PM in the office of District Manager Hafed Bhodia Road, Fatehabad. Successful bidder has to deposit Rs. 10,000/- as security on the spot (in shape of Demand Draft in favour of -District Manager, Hafed Fatehabad | 17-04-2026 | Rs. 10,000/- | 9306802977 dmhfd-ftd @hafed.gov.in |

FOR MORE INFORMATION, CONTACT :
DISTRICT OFFICE HAFED FATEHABAD, BHODIA ROAD, NEAR DHBVN, FATEHABAD
District Manager, Hafed, Fatehabad.

## खबर संक्षेप



### गुरुग्राम में गैंगस्टर दीपक नांदल के शूटर निवेश का एनकाउंटर

**गुरुग्राम।** फैशन डिजाइनर मयंक चावला के शोरूम पर 20 फरवरी को फायरिंग के मामले में एसटीएफ ने फरीदाबाद रोड स्थित बंधवाड़ी फ्लाईओवर के पास एक शूटर को एनकाउंटर के बाद पकड़ लिया। सोनीपत के जाजल गांव निवासी शूटर निवेश उर्फ ढीला के पैर में गोली लगी है। एसटीएफ ने उसे जिला नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया है। मयंक चावला के शोरूम पर फायरिंग के बाद विदेश में बैठे गैंगस्टर दीपक नांदल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जिम्मेदारी ली थी। मामले में पुलिस के हाथ आया निवेश पांचवां आरोपी है। इससे पहले एसटीएफ ने बहादुरगढ़ के रहने वाले तीन शूटरों और गुरुग्राम पुलिस ने एक आरोपी को अरेस्ट किया था। यह फायरिंग रंगदारी वसूली के इरादे से की गई थी।

### जेल में मोबाइल रखने का आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** डीएसपी जेल भिवानी द्वारा थाना सदर भिवानी में दी गई शिकायत के आधार पर जिला कारागार भिवानी में मोबाइल फोन बरामदगी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जेल परिसर से तलाशी में मोबाइल फोन बरामद किए गए थे। सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के उप निरीक्षक अशोक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राहुल पुत्र निरंजन लाल निवासी माणढी, जिला महेंद्रगढ़ को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी राहुल ने खुलासा किया कि जेल में बंद रहने के दौरान उसने उक्त मोबाइल फोन आरोपी संदीप से लिया था और बाद में उसे वापस कर दिया था। पुलिस नियमानुसार कार्रवाई कर रही है।

## करनाल में आबादी के बीच पटाखा फैक्ट्री प्रशासन ने करवा दी थी बंद, लेकिन मालिक ने नहीं हटाया था स्टॉक

# बंद पटाखा फैक्ट्री में धमाके से उड़ा लेंटर, कई मकानों में आईं दरारें, बच्ची घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल शहर के मेरठ रोड स्थित सूरज नगर में एक पटाखा गोदाम में जोरदार धमाका हो गया। धमाका इतना बड़ा था कि गोदाम का लेंटर उड़ गया और साथ लगते मकान की दीवार गिर गई, वहीं आसपास के कई घरों में दरारें भी आ गईं।

धमाके की आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी। इस हादसे में एक बच्ची घायल हो गई। गनीमत यह रही कि हादसे के समय गोदाम के अंदर कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

स्थानीय निवासी राम प्रकाश ने बताया कि दीपावली से पहले यहां पटाखा फैक्ट्री चल रही थी, जिसे बाद में प्रशासन ने बंद करवा दिया था, लेकिन अंदर रखे पटाखों को नहीं हटाया गया। इसी कारण अचानक आग लगने से यह जोरदार धमाका हुआ, जिससे गोदाम का लेंटर उड़ गया और पास के मकान को भी नुकसान पहुंचा।

### फायर कर्मियों ने एक घंटे में पाया काबू

फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।



करनाल। पटाखा गोदाम में धमाके के बाद बिखरा पड़ा मलबा।

### लोन लेकर बनाया था मकान, मुआवजा दें

पीड़ित महिला राकेश ने बताया कि दीपावली से पहले यहां पटाखा फैक्ट्री चलती थी, जिसे मालिक मोहन लाल ने बाद में बंद कर अंदर ही पटाखे रख दिए थे। उन्होंने कई बार मालिक को चेतावनी भी दी थी कि यहां पटाखे रखना खतरनाक है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। महिला ने बताया कि हाल ही में उन्होंने लोन लेकर मकान बनाया था, लेकिन धमाके से दीवार गिर गई और उनकी बेटी को भी चोट आई है। पीड़ित परिवार ने मालिक से मुआवजे की मांग की है। वहीं, सेक्टर 32-33 थाना के एसएचओ सतीश कुमार ने बताया कि पटाखा गोदाम में ब्लास्ट की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि यहां अवैध रूप से पटाखे रखे हुए थे। ब्लास्ट किन कारणों से हुआ, इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले के हर पहलू की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि आबादी के बीच चल रहे इस तरह के पटाखा गोदाम व फैक्ट्रियां लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

## हिसार सीआईए की टीम ने सिरसा में अवैध हथियारों के धंधे का किया खुलासा

# सब्जी बेचने वाले ने खोली देसी कट्टे की फैक्ट्री 1500 में बनाकर 15 हजार रुपये में बेचता था

- मौसेरे भाई से ली थी हथियार बनाने की ट्रेनिंग, यूट्यूब पर वीडियो भी देखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार सीआईए की टीम ने सिरसा जिले के गांव फरवाई खुर्द में दबिश देते हुए घर में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। सीआईए ने एक आरोपी राजू को गिरफ्तार कर मौके से देसी कट्टे व कारतूस बनाने के उपकरण व सामान भी बरामद किया है। आरोपी राजू को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

इस मामले में पुलिस को आरोपी के मौसेर भाई की तलाश है, जिससे उसने अवैध हथियार बनाने की ट्रेनिंग ली थी। उसने हथियार बनाने के लिए यूट्यूब पर भी कई वीडियो देखे। पूछताछ में सामने आया कि करीब 1500 रुपये में तैयार होने वाले एक देसी कट्टे को आरोपी राजू 15 हजार रुपये में बेच देता था। गिरफ्तार आरोपी पर हत्या प्रयास, चोरी, शस्त्र अधिनियम के तहत अलग-अलग थानों में 7 केस दर्ज हैं। राजू पर पहला केस वर्ष 2012 में दर्ज हुआ था। अब वह आसपास के एरिया में सब्जी बेचने का काम करता है ताकि कोई उस पर शक न करे। आरोपी अनपढ़ है, लेकिन शातिर दिमाग है।

### 5 माह पहले खोली थी, अभी दो हथियार बेचे थे



हिसार। पुलिस टीम की गिरफ्त में आरोपी व बरामद सामान।

### अवैध हथियार बनाने का सामान बरामद



गहन पूछताछ में राजू ने अपने घर से अवैध हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण बरामद करवाए। इनमें अधूरे बने 3 पिस्तौल, कारतूस, बैरल बनाने के लिए लोहे के पाइप, स्टील पाइप, पिस्तौल की बॉडी, ट्रिगर पार्ट्स, स्प्रिंग, ड्रिल मशीन, बंदूक का खांचा, वेल्डिंग मशीन, हथौड़ी, प्लास व पेचकस सहित अन्य औजार शामिल हैं। साथ ही कारतूस बनाने में प्रयुक्त सामग्री भी बरामद की गई।

**पत्नी तक नहीं लगने दी भनक :** पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी राजू ने अवैध हथियार बनाने का सामान घर में अलग-अलग स्थानों पर रखा हुआ था ताकि उसकी पत्नी को अवैध हथियार बनाने के उसके कारोबार का पता न चल सके। राजू अनपढ़ है।

### हिसार में पकड़ा खरीददार तो हुआ खुलासा

उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कमलजीत सिंह ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि 11 अप्रैल को सीआईए स्टाफ के एसआई विजय कुमार अपनी टीम के साथ विकास नगर क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर साहिल निवासी खासा महाजन, थाना अग्रोहा को काबू किया गया, जिसके कब्जे से 315 बोर की एक पिस्तौल और 2 कारतूस बरामद हुए। साहिल को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी साहिल ने खुलासा किया कि उसने यह हथियार राजू निवासी नेजाडेला खुर्द हाल निवासी फरवाई खुर्द, जिला सिरसा से खरीदे थे। इस पर कार्रवाई करते हुए 13 अप्रैल को एएसआई राममेहर सिंह के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी कर आरोपी राजू को गिरफ्तार कर लिया।

### ऑर्डर पर बनाता था

अवैध हथियार बनाने के मामले में गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में पुलिस टीम को बताया कि वह ऑर्डर पर ही हथियार बनाता था। अवैध हथियार बनाने का काम उसने करीब 5 महीने पहले ही शुरू किया था। एक देसी कट्टा बनाने में 1500 रुपये का खर्च आता है। फिलहाल उसने साहिल को दो अवैध हथियार बनाकर दिए थे। आरोपी एक अवैध असलाह 15 हजार रुपये में बेचता था।

## पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह की बढ़ीं मुश्किलें

# हुड्डा पर भूखंड आवंटन मामले में चलेगा केस

- पंचकूला के औद्योगिक क्षेत्र में 14 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं के लगे हैं आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

भूखंड आवंटन मामले में एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हरियाणा सरकार ने पंचकूला के औद्योगिक क्षेत्र में 14 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन से जुड़े सीबीआई मामले में हुड्डा के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है। यह आवंटन 2013 में किए गए थे, जब हुड्डा मुख्यमंत्री थे। सीबीआई ने फरवरी में हरियाणा सरकार से इस संबंध में अनुरोध किया था, जबकि इस मामले में एफआईआर 2016 में दर्ज की गई थी। हुड्डा के साथ-साथ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के पूर्व मुख्य वित्त नियंत्रक एससी कंसल और पूर्व उप अधीक्षक बीबी तनेजा के खिलाफ भी अभियोजन को मंजूरी दे दी है।



पंचकूला औद्योगिक भूखंड आवंटन मामले में ईडी की अभियोग शिकायत में हुड्डा को मुख्य साजिशकर्ता के रूप में शामिल किया गया है। उन पर मानदंडों में बदलाव करवाने के आरोप हैं। आरोपी आवंटियों के बारे में कहा गया कि वे हुड्डा के गांव और कई नजदीकियों के रिश्तेदार हैं।

### एक प्लांट आवंटन के मामले में हो चुके हैं बरी

इससे पहले अप्रैल में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सीबीआई की विशेष अदालत ने पंचकूला में प्रकाशन समूह एसोसिएटिड जनरल्स लिमिटेड (एजेएल) को प्लॉट आवंटित करने के मामले में आरोप मुक्त कर दिया था। मामला पंचकूला के सेक्टर-6 में करीब 3,360 वर्ग मीटर के सरकारी भूखंड आवंटित करने से संबंधित है। सीबीआई ने हुड्डा समेत एचएसवीपी के चार वरिष्ठ अधिकारियों को आरोपी बनाया था। हुड्डा पर आरोप था कि 64.93 करोड़ रुपये का प्लॉट एजेएल को 69 लाख 39 हजार रुपये में दिया था।

# कार ने ऑटो को मारी टक्कर, दो की मौत

- तूड़ी ढोने का काम करने ऑटो में असंध गए थे, सात लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

कस्बा राजौंद के निकट सोमवार देर रात एक कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गए। घटना के बाद ड्राइवर कार मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घायलों को कैथल के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ऑटो सवार लोग सोमवार को सेरधा गांव से करनाल के असंध में तूड़ी ढोने का काम करने के लिए गए थे। देर रात वहां से लौटते समय राजौंद के पास हादसा हो गया। राजौंद पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मृतकों की पहचान सेरधा गांव निवासी सुनील (50) और शमशेर (45) के तौर पर हुई। घायलों में प्रवीन, पवन, कुलदीप, राजेश, नवाब, संदीप और बलकार शामिल हैं। सभी तूड़ी ढुलाई का काम करने के लिए असंध गए थे। घायल प्रवीण ने बताया कि वे साढ़े 10 बजे असंध से चले थे। राजौंद की नहर के पास सामने से एक तेज रफ्तार कार आई। ऑटो वाले ने उसे देखकर ब्रेक भी लगाए, लेकिन कार ड्राइवर ने संतुलन खो दिया और ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो में हम 10 लोग थे। सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। सभी घायलों को कैथल के सिविल अस्पताल ले जाया गया। यहां से शमशेर को चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। वहां उसने भी दम तोड़ दिया। एक को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है।





राजौंद। हादसे में दुर्घटनाग्रस्त वाहन। (इनसेट में मृतक सुनील)

### रोडवेज बस व ट्राले में भिड़ंत, 8 घायल



**इंद्री।** करनाल रोड पर शहीदी चौक के पास हरियाणा रोडवेज की बस व रेत से भरे एक ट्राले में भिड़ंत हो गई, जिसमें बस कंडक्टर सहित 8 सवारियां घायल हो गईं। घायलों को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल इंद्री भेजा गया। जहां से 6 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई व दो घायलों को करनाल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हरियाणा रोडवेज की बस करनाल से इंद्री की ओर आ रही थी जैसे ही वह इंद्री बस स्टैंड की तरफ मुड़ने लगी तो उसकी ट्रक ट्राले से भिड़ंत हो गई।

## डबवाली में नशे की बड़ी खेप पकड़ी

# तीन करोड़ की हेरोइन के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार



डबवाली। पुलिस की गिरफ्त में नशा तस्करी के आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

सीआईए स्टाफ कालांवाली ने बड़ी हेरोइन की खेप जब्त करते हुए नशा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। डबवाली सिरसा रोड पर कार सवार तीन नशा तस्करों को काबू करते हुए 1 किलो 485 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बाजार में जिसकी कीमत करीब 3 करोड़ रुपये है। डीएसपी संदीप धनखड़ ने बताया कि कालांवाली सीआईए प्रभारी सुरेश कुमार की अगुवाई में एक टीम के ओढ़ा कैंचियां कालांवाली पर मौजूद थे। इस बीच उन्हें गुप्त सूचना मिली कि लवप्रीत निवासी सवाईपुर जिला तरनतारन, राजदीप उर्फ अकू निवासी बाबा जीवन सिंह, जिला अबोहर तथा अमनिंदर उर्फ अबू निवासी सरदारगढ़, जिला बठिंडा (पंजाब) हेरोइन तस्करी करते हैं। जो स्विफ्ट डिजायर में पंजाब से बड़ी मात्रा में हेरोइन लेकर बठिंडा से डबवाली में सप्लाई करने के लिए आएंगे। टीम को भारतमाला पुल के नजदीक डेरा कैंटीन के पास एक सिल्वर रंग की कार खड़ी दिखाई दी। तलाशी के दौरान कार के गियर लिवर के पास एक काले रंग का पॉलीथिन मिला, जिसे चेक करने पर उसमें से 1 किलो 485 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### वीडियो बनाकर ट्रांसपोर्टर ने किया सुसाइड, 8 लोगों पर केस दर्ज

**फरीदाबाद।** पैसों के लेनदेन के विवाद में परेशान होकर एनआईटी-2 निवासी 42 वर्षीय ट्रांसपोर्टर चंद्र प्रकाश सेठी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, चंद्र प्रकाश सेठी एनआईटी स्थित दशहरा मैदान के सामने बने रोज गार्डन के पास अचेत अवस्था में पड़ा मिला। मृतक की पत्नी ने बताया कि करीब आठ महीने पहले उन्होंने 65 लाख रुपये लिए थे, जिन्हें ज्यादा ब्याज के साथ लौटाने का उन पर दबाव बनाया जा रहा था। व्यापार भी घाटे में चल रहा था। मरने से पहले ट्रांसपोर्टर ने चार मिनट का एक वीडियो भी बनाया था।

### पलवल में हाईवे जाम करने वाले कर्मचारियों पर मुकदमा

**पलवल।** निजी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा वेतन वृद्धि की मांग को लेकर नेशनल हाईवे-19 पर लगाए जाम के मामले में पुलिस ने हाईवे बाधित करने और आम जनता को परेशान करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी कुलदीप के अनुसार, 13 अप्रैल को सुबह करीब नौ बजे पृथला के निकट हाईवे पर एक निजी कंपनी के बड़ी संख्या में महिला और पुरुष कर्मी जमा हो गए। उन्होंने सड़क के बीचों-बीच बैठकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया, जिससे फरीदाबाद-पलवल मार्ग पूरी तरह ठप हो गया। नेशनल हाईवे-19 पर सुबह नौ बजे से 11 बजे तक जाम लगा रहा, जिसके कारण आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## फिरोजपुर झिरका में सीवर सफाई के दौरान दो कर्मचारियों की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

मंगलवार को नूंह के फिरोजपुर झिरका शहर में रात के समय एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां सीवर लाइन की सफाई के दौरान तीन कर्मचारियों में से दो की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के अनुसार, मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन तब तक दो कर्मचारियों की मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने इस हादसे के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। बताया जा रहा है कि सफाई कर्मचारियों को बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरण और वर्दी के ही सीवर में उतार दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक जिस ठेकेदार को सीवर सफाई का काम सौंपा गया था, वह हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान अभी तक उजागर नहीं की गई है।

## समुद्री जहाज में बेहद तंग हालात में गुजारे दिन, करीबी से देखा बम हमला

# 20 दिन बाद लौटा ईरान युद्ध में फंसा मर्चेंट नेवी का निखिल, दूतावास ने की मदद

> वेरिफिकेशन करवा भारतीय दूतावास ने होटल में ठहराया, अर्जेंटीना में भी रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

गांव शाहपुर तगा गांव निवासी व मर्चेंट नेवी में कार्यरत 23 वर्षीय निखिल करीब 20 दिन बाद सकुशल ईरान से घर लौट आया। उसकी वापसी से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। निखिल ओमान के लिए जहाज से रवाना हुआ था, लेकिन हालात बिगड़ने के कारण वह ईरान में फंस गया था। संपर्क टूट जाने से परिवार काफी चिंतित था। किसी तरह भारतीय दूतावास के सहयोग से वह सुरक्षित वापस लौट सका। घर पहुंचते ही परिवार ने उसका स्वागत किया।



गन्नौर। अपने दादा व परिवार के लोगों के साथ निखिल त्यागी।

### 20 मीटर की दूरी पर गिरा बम, टूटे जहाज के शीशे

घर पहुंचने के बाद निखिल ने बताया कि जहाज में फंसने के कारण कई बार सूखे राशन व कम पानी में ही काम चलाना पड़ा। एक बार उनके जहाज से करीब 20 मीटर की दूरी पर बम गिरने से जहाज के शीशे तक टूट गए थे। इसी दौरान जहाज बदलने पर उनकी मुलाकात हरिद्वार के एक भारतीय से हुई, जिसने उन्हें भारतीय दूतावास का संपर्क नंबर दिया। इसके बाद निखिल ने दूतावास से संपर्क किया, जहां से उन्हें तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। करीब 3-4 दिन तक दूतावास की निगरानी में होटल में ठहराया गया, जहां उनकी पूरी वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूरी हुई। वेरिफिकेशन के बाद उन्हें अर्जेंटीना भेजा गया, जहां वह करीब दो दिन रहे और अब वह सुरक्षित घर लौट आए हैं। निखिल के दादा लालमन त्यागी ने बताया कि उसके लौटने से पूरा परिवार बेहद खुश है। उन्होंने मदद करने वाले लोगों और भारतीय दूतावास का आभार जताया।

## सख्ती — टोहाना बस स्टैंड पर एक डांस की वीडियो वायरल होने पर लिया फैसला

बस स्टैंड पर फूहड़ डांस से छवि होती है धूमिल व हादसे का खतरा

# अब बस स्टैंड पर डांस करके रील बनाई तो रोडवेज पुलिस बुला लेगी...

- इंस्टाग्राम पर डांस की रील डाली तो 30 मिलियन व्यूज आए, मामले ने पकड़ा तूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सोशल मीडिया पर 'लाइक्स' और 'व्यूज' की होड़ में सार्वजनिक मर्यादाओं को ताक पर रखने वाले युवाओं के खिलाफ फतेहाबाद रोडवेज विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है।

जिले के टोहाना बस स्टैंड पर एक युवक द्वारा किए गए अश्लील डांस का वीडियो वायरल होने के बाद, विभाग ने जिले के सभी बस स्टैंडों पर रील और वीडियो बनाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। पूरा मामला टोहाना बस स्टैंड का है, जहां रमन नाम के एक युवक ने यात्रियों की भारी भीड़ के बीच 'तू कादी पंजाबन जे तैनू नचना नि औंदा' गाने पर बेहद फूहड़ तरीके से डांस किया। युवक ने इस वीडियो को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा किया, जिसे अब तक 30 मिलियन से अधिक लोग देख चुके हैं। रमन के इंस्टाग्राम पर करीब एक लाख फॉलोअर्स हैं और वह अक्सर सड़क और सार्वजनिक स्थलों पर इस तरह के वीडियो बनाकर अपलोड करता है।

वीडियो के संज्ञान में आने के बाद हरियाणा राज्य परिवहन, फतेहाबाद के महाप्रबंधक कार्यालय ने जिले के सभी बस स्टैंड प्रभारियों को लिखित आदेश जारी किए हैं। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि बस स्टैंड परिसर में किसी भी प्रकार की फूहड़ और अव्यवस्थित रील बनाना प्रतिबंधित है। ऐसे कृत्यों से न केवल विभाग की छवि धूमिल होती है, बल्कि बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में दुर्घटना होने की भी आशंका बनी रहती है।

ड्यूटी पर तैनात स्टाफ, यार्ड मास्टर और बस स्टैंड इंचार्ज ऐसे लोगों पर पैनी नजर रखें। रोडवेज विभाग के ये आदेश फतेहाबाद, टोहाना, जाखल, रतिया, भूना और भट्टू बस स्टैंडों पर लागू कर दिए गए हैं। सभी इंचार्जों को हिदायत दी गई है कि यदि कोई युवक-युवती रील बनाते हुए पकड़े जाते हैं, तो उन्हें तुरंत रोका जाए। यदि वे मना करने के बावजूद नहीं मानते, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में उनके खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करवाई जाए।

### वीडियो बनाने के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य



फतेहाबाद डिपो के ट्रैफिक मैनेजर सुरेंद्र सिंह ने बताया कि बस स्टैंड एक मुख्य सार्वजनिक स्थल है जहां यात्रियों की सुरक्षा और अनुशासन सर्वोपरि है। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर व्यावसायिक या सार्वजनिक प्रदर्शन के उद्देश्य से वीडियो बनाने के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य है। अनुशासन बनाए रखने के लिए यह कड़ा फैसला लिया गया है। रोडवेज विभाग ने आमजन और युवाओं से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों की गरिमा बनाए रखें और ऐसा कोई कार्य न करें जिससे यात्रियों को असुविधा हो या कानून-व्यवस्था प्रभावित हो।

# 210 किमी का ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे शुरू, 3.5 घंटे घटा दिल्ली से देहरादून का सफर

एजेंसी ▶▶| देहरादून

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देश के सबसे महत्वाकांक्षी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में शामिल दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। करीब 210 किलोमीटर लंबे इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के शुरू होने से दिल्ली से देहरादून की दूरी अब 6 घंटे से घटकर महज़ ढाई घंटे में तय की जा सकेगी। इससे करीब 3.5 घंटे की बचेगा। यह एक्सप्रेसवे न सिर्फ कनेक्टिविटी बल्कि प्रकृति संरक्षण और आधुनिक इंजीनियरिंग का भी शानदार उदाहरण है। इस प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा आकर्षण है एशिया का सबसे लंबा 12 किलोमीटर का ग्रीन एलिवेटेड वाइल्डलाइफ कॉरिडोर, जो राजाजी टाइगर नेशनल पार्क के ऊपर से गुजरता है। पीएम ने एशिया के सबसे लंबे 12 किमी एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर का निरीक्षण करने सहारनपुर पहुंचे।

- मोदी ने एलिवेटेड वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर का निरीक्षण भी
- एक्सप्रेसवे में 113 अंडरपास, 5 रेलवे ओवरब्रिज, 76 किमी ञसर्विस रोड और 340 मीटर डाट काली टनल
- वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए विशेष एलिवेटेड रास्ता बनाया

## पीएम ने एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया

### 12,000 करोड़ रुपये की लागत से बना

*दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे कॉरिडोर 210 किमी लंबा, 6 लेन और एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर 12,000 करोड़ रुपये की लागत से बना है। यह दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड को जोड़ता है और इसके शुरू होने से दिल्ली-देहरादून के बीच की दूरी 6 घंटे से घटकर करीब ढाई घंटे रह जाएगी।*




### नए कॉरिडोर खोलेंगे तरक्की के रास्ते

*पीएम ने कहा कि एक्सप्रेसवे और इकोनॉमिक कॉरिडोर विकास के गेटवे हैं। इससे समय और खर्च दोनों कम होंगे। रोजगार बढ़ेगा और किसानों की उपज तेजी से बाजार तक पहुंचेगी, जिससे पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। पीएम ने कहा कि सड़क, रेल और एयरवे देश की भाग्य रेखाएं हैं। यह सिर्फ आज की सुविधा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए निवेश है।*

### ब्रह्मकमल टोपी में अलग अंदाज में दिखे मोदी

कॉरिडोर उद्घाटन के मौके पर पीएम मोदी का अलग अंदाज देखने को मिला। पीएम मोदी इस कार्यक्रम में उत्तराखंड की खास टोपी पहने हुए दिखें। पीएम मोदी ने सफेद कुर्ता -पायजामा पहना हुआ था। जिसके ऊपर उन्होंने नीले कलर की जैकेट और उत्तराखंडकी 'ब्रह्म कमल' टोपी पहनी थी। पीएम मोदी की वेशभूषा न सिर्फ लोगों को आकर्षित करती है बल्कि राज्य की संस्कृति के प्रति सम्मान और वोकल फॉर लोकल का बड़ा संदेश भी देती है।

### कहां फ्री, कितना टोल

- इस एक्सप्रेसवे पर बड़ी राहत यह है कि दिल्ली से बागपत के खेकड़ा तक का सफर पूरी तरह टोल फ्री होगा
- दिल्ली से काठा (बागपत): 235 रुपये, उसी दिन वापसी पर 350 रुपये
- दिल्ली से रसूलपुर (सहारनपुर): 420 रुपये, उसी दिन वापसी पर 630 रुपये
- दिल्ली से सैयद माजरा: 530 रुपये, उसी दिन वापसी पर 790 रुपये
- दिल्ली से देहरादून: 675 रुपये, उसी दिन वापसी पर 1010 रुपये
- दिल्ली से देहरादून का पूरा सफर करते हैं, तो एक तरफ का टोल 675 रुपये देना होगा 24 घंटे में वापसी करते हैं, तो 335 रुपये अतिरिक्त देकर कुल 1010 रुपये चुकाने होंगे।

## खबर संक्षेप

### मिड-डे मील खाने से 100 बीमार, 1 की मौत

**मयूरभंज।** ओडिशा के मयूरभंज जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर है। यहां एक सरकारी आदिवासी आवासीय स्कूल में दोपहर का भोजन करने के बाद 100 से अधिक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। अस्पताल में इलाज के दौरान 5 वीं कक्षा की एक छात्रा रूपाली बेसरा ने दम तोड़ दिया। पूरे इलाके में शोक का माहौल है।



### पिकअप से कार की टक्कर, 4 की मौत

**बाड़मेर।** जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां कार और पिकअप गाड़ी के बीच हुई भीषण भिड़ंत में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। गाड़ी का सामान सड़क पर बिखर गया।



### नोएडा में जया का आध्यात्मिक सत्र आज

**नोएडा।** प्रसिद्ध आध्यात्मिक वक्ता जया किशोरी का आध्यात्मिक सत्र 15 अप्रैल को गौतमबुद्धनगर के यमुना सिटी में होने जा रहा है। इसमें वे 'जीवांजलि विचारों से बदलाव तक' पर संबोधित करेंगी। इस विशेष सत्र का आयोजन गलगोटिया विश्वविद्यालय में दोपहर 2 बजे से होगा।



### हरिद्वार अर्धकुंभ स्नान की तिथियां घोषित

**हरिद्वार।** हरिद्वार में अगले साल होने वाले अर्धकुम्भ मेले में तीन अमृत (शाही) स्नान समेत कुल 10 प्रमुख स्नान पर्व होंगे। मेला अधिकारी ने स्नान की तिथियों का एलान करते हुए कहा कि जनवरी से अप्रैल 2027 तक चार महीने चलने वाले अर्धकुम्भ मेले में पहला स्नान पर्व 14 जनवरी को मकर संक्रांति, दूसरा छह फरवरी को मौनी अमावस्या, तीसरा 11 फरवरी को बसंत पंचमी, चौथा 20 फरवरी को माघ पूर्णिमा व पांचवा 6 मार्च को महाशिवरात्रि पर होगा।

# आलू की खेती करने वाले किसान टीएमसी के सिंडिकेट से भयभीत

*पीएम मोदी ने बंगाल के भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में भय का माहौल है, जहां हत्या, बलात्कार, दंगे और राजनीतिक हिंसा की घटनाएं चरम पर पहुंच गई हैं। मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोगों के बीच भाजपा को लेकर ऊर्जा और उत्साह वास्तव में उल्लेखनीय है। मोदी ने 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत बंगाल के कार्यकर्ताओं से डिजिटल संवाद करते हुए कहा कि राज्य के लोग वाम मोर्चा के शासन में हुए अत्याचारों से मुक्ति पाने के लिए टीएमसी को सत्ता में लाए थे, लेकिन ममता सरकार अपनी पूर्ववर्ती सरकारों से भी आगे निकल गई है। मोदी ने कहा कि उन्हें पूरे बंगाल में भय का माहौल दिखाई दे रहा है, जहां युवा नौकरी को लेकर चिंतित हैं, आलू किसान टीएमसी के सिंडिकेट से डरते हैं और सरकारी कर्मचारियों को अपने अधिकार पाने के लिए अदालत का सहारा लेना पड़ता है।



### दुर्गापुर में शाह के रोड शो के बाद बवाल

## भाजपा-टीएमसी की हिंसक झड़प में कई लोग घायल



दुर्गापुर में अमित शाह के रोड शो के समाप्त होते ही पूरे इलाके में तनाव फैल गया। बांकुड़ा मोड़ इलाके में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कार्यकर्ताओं के बीच कहासुनी से शुरू होकर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। स्थिति तेजी से बिगड़ गई और दोनों पक्षों के कम से कम दो कार्यकर्ता घायल हो गए। घायलों को रक्तरंजित अवस्था में दुर्गापुर महकमा अस्पताल में भर्ती कराया गया।



- भाजपा ने तमिलनाडु के लिए घोषणापत्र जारी किया। महिलाओं को हर माह 2,000, सालाना तीन मुफ्त एलपीजी सिलेंडर और पात्र महिलाओं को ई-स्कूटर खरीदने के लिए 25,000 रुपये की सब्सिडी का वादा किया।

### मालदा रैली में राहुल गांधी ने पीएम को घेरा



मालदा। रायगंज और मालदा पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम , भाजपा, आरएसएस और टीएमसी पर निशाना साधा। रायगंज में आंबेडकर की 135वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा व आरएसएस की नफरत भरी विचारधारा देश के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

### योगी बाबू सुन लीजिए, बंगाल में बुलडोजर नहीं चलता: ममता बनर्जी

**पिंगला।** बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का चुनाव प्रचार जारी है। इस बीच ममता ने पिंगला में जनता को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बंगाल में बुलडोजर नहीं चलता है बल्कि यहां पर लोग सलाम, प्रणाम और जय हिंद कहते हैं। आजकल उप्र जल रहा है। योगी बाबू यहां आकर भाषण देते हैं और कहते हैं कि बंगाल में बुलडोजर चलते रहेंगे। यहां से जब लड़के-लड़कियां भाजपा शासित राज्य में जाते हैं, तो उन्हें मार दिया जाता है। उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। जब वे बंगाली बोलते हैं, तो उन्हें घुसपैठिया कहा जाता है उनका बदला लोकतंत्र के बैलेट बॉक्स में लिया जाएगा।



### आई-पैक बना बंगाल के 'गले की हड्डी'

## टीएमसी कठघरे में, चंदेल को 10 दिन की हिरासत में भेजा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को दावा किया कि इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आईपीएसी) के ठिकानों पर मारे गए छापों के दौरान बरामद दस्तावेजी सबूत एक राजनीतिक दल के कार्यालय में भी मिले हैं। यह भी आरोप लगाया गया है कि तलाशी के तुरंत बाद आईपीएसी कर्मचारियों के खातों से संवेदनशील ईमेल हटा दिए गए थे। एजेंसी ने 50 प्रतिशत चेक भुगतान के मामलों को भी उजागर किया, जो बैंकिंग चैनलों के जरिए आंशिक लेनदेन का संकेत देते हैं।दिल्ली की एक अदालत ने कथित कोयला तस्करी मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के संबंध में आईपीएसी के निदेशक विनेश चंदेल को 10 दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया।

### आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते बिरला



*नई दिल्ली। डॉ. बीआर अंबेडकर की 135वीं जयंती पर मंगलवार को संसद परिसर में लोस अध्यक्ष बिरला समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।*

## भारत में राजदूत रहे सुन वेइदोंग को चीन ने उप-विदेश मंत्री के पद से हटाया

**नई दिल्ली( ब्यूरो)।** भारत में करीब तीन साल तक चीन के राजदूत रहे सुन वेइदोंग को बीजिंग की सरकार ने उप-विदेश मंत्री के पद से अचानक हटा दिया है। जिसके पीछे की वजह फिलहाल साफ नहीं की गई है। लेकिन चीन के मानव संसाधन मंत्रालय ने स्टेट काउंसिल द्वारा लिए गए इस निर्णय को लेकर एक संक्षिप्त नोटिस के माध्यम से समूचे घटनाक्रम की पुष्टि की है। चीन में आमतौर पर यह चलन देखने को मिलता है कि किसी वरिष्ठ सरकारी मंत्री या अधिकारी को उनके पद से हटाने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की जाती है। लेकिन यह फिलहाल चीन में शासन में अनुशासन अभियान के तहत की गई नवीनतम उच्च-स्तरीय बर्खास्तगी है। अभी तक उनके पद पर की जाने वाली नई नियुक्ति के संबंध में भी चीन ने कोई घोषणा नहीं की है।

- पड़ोसी देश में प्रशासनिक स्तर पर किया गया अचानक फेरबदल, कारण अस्पष्ट

### महाराष्ट्रः ड्राइवरों के लिए मराठी अनिवार्य

**ठाणे (भाषा)।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री प्रताप सरनाइक ने कहा कि राज्य में एक मई से सभी लाइसेंस प्राप्त रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी जानना अनिवार्य होगा और मोटर परिवहन विभाग के कार्यालयों के माध्यम से राज्यव्यापी अभियान चलाया जाएगा। सरनाइक ने चेतावनी दी कि जिन चालकों को मराठी का बुनियादी ज्ञान नहीं है, उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। मंत्री ने कहा, श्एक मई (महाराष्ट्र दिवस) से सभी लाइसेंस प्राप्त रिक्शा और टैक्सी चालकों के लिए मराठी जानना अनिवार्य होगा। राज्यव्यापी निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा।

### आउटसोर्सिंग के नाम पर शोषण नहीं: हाईकोर्ट

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था के जरिए वर्षों से काम कर रहे कर्मियों को राहत देते हुए स्पष्ट किया कि केवल कागजी अनुबंधों के सहारे कर्मचारियों को वैधानिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। यदि कोई लंबे समय से किसी सरकारी संस्था के नियंत्रण व निगरानी में कार्य कर रहा है, तो उसे वास्तविक रूप से उसी संस्था का कर्मी माना जाएगा। यह फैसला जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की एकल पीठ ने सुनाया, जिसमें तीन याचिकाओं का निपटारा किया। अदालत ने बठिंडा नगर निगम को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ताओं की सेवाएं छह सप्ताह के भीतर नियमित की जाएं, अन्यथा उन्हें स्वत नियमित माना जाएगा। मामले में एक क्लर्क-कम-डाटा एंट्री ऑपरेटर का उदाहरण प्रमुख रूप से सामने आया।

- हाईकोर्ट ने बठिंडा नगर निगम को छह हफ्ते में नियमितीकरण के आदेश दिए

### मावां धीयां सत्कार योजना पंजीकरण शुरू

*आदमपुर(भाषा)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को घोषणा की कि उनकी सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री मावां धीयां सत्कार योजना' के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। इस योजना के तहत सामान्य वर्ग की महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये और अनुसूचित जाति की महिलाओं को पंद्रह सौ रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी। मान आंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। राज्य सरकार ने इस महीने की शुरुआत में 'मुख्यमंत्री मावां धीयां सत्कार योजना' के कार्यान्वयन के लिए अधिसूचना जारी की। लाभार्थियों को जुलाई से उनके बैंक खातों में वित्तीय सहायता मिलनी शुरू हो जाएगी।*

## एक ही फॉर्म में टीडीएस की जानकारी आयकर विभाग ने पेश किया फॉर्म 141

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने एक नया टीडीएस फॉर्म पेश किया है, जिससे किराया, प्रॉपर्टी और प्रोफेशनल पेमेंट्स पर 'स्रोत पर काटा गया टैक्स' (टीडीएस) रिपोर्ट करना और उसका पेमेंट करना बहुत आसान हो गया है। फॉर्म 141 आयकर अधिनियम, 2025 के तहत पेश किया गया एक एकीकृत चालान-सह-विवरण है। यह फॉर्म सभी पैन आधारित टीडीएस विवरणों को एक ही जगह पर दर्ज करने की सुविधा देता है। ये नया फॉर्म 26 क्यूबी, 26 क्यूसी, 26 क्यूडी और 26 क्यूई की जगह लेगा। इन फॉर्मों का इस्तेमाल पहले आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कुछ खास लेन-देन पर टीडीएस रिपोर्ट करने के लिए किया जाता था। हर फॉर्म 141 में सिर्फ एक तरह के लेन-देन की रिपोर्ट की जा सकती है और हर लेन-देन श्रेणी के लिए एक अलग फॉर्म भरना जरूरी है। एक ही फॉर्म में कई डिडक्टी (जिनका टैक्स काटा गया है) तभी शामिल किए जा सकते हैं, जब वे एक ही डिडक्टी श्रेणी में आते हों और टैक्स काटने का महीना भी एक ही हो। फॉर्म 141 सिर्फ निवासी डिडक्टी पर लागू होता है और इसे ई-फाइलिंग पोर्टल पर पैन लॉगिन के जरिए ही भरा जाना चाहिए।

- ये नया फॉर्म 26 क्यूबी, 26 क्यूसी, 26 क्यूडी और 26 क्यूई की जगह लेगा

## मजनू के टीला से पुराने रेलवे पुल तक बाढ़ सुरक्षा दीवार बनाने को मंजूरी

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** दिल्ली सरकार ने हर साल बरसात के मौसम में यमुना नदी का जल स्तर बढ़ने पर पानी को रिंग रोड पर आने से रोकने के लिए यहां मजनू का टीला से लेकर पुराने रेलवे पुल तक 4.72 किलोमीटर लंबी सुरक्षा दीवार बनाने को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह दीवार न केवल यमुना नदी के पानी को रिहायशी इलाकों में घुसने से रोकेगी, बल्कि सिविल लाइंस, कश्मीरी गेट, यमुना बाजार और मजनू का टीला जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के लिए एक अभेद्य सुरक्षा कवच का काम करेगी। उन्होंने कहा कि दशकों से ऐसा होता आ रहा है कि जब भी यमुना में जलस्तर बढ़ता है तो मजनू का टीला और उसके आसपास के निचले इलाकों से ही पानी सबसे पहले राजधानी में प्रवेश करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1978 की भीषण बाढ़ से लेकर 2023 और वर्ष 2025 की बाढ़ तक, रिंग रोड का यह हिस्सा जलमग्न होने के कारण पूरी दिल्ली की रफ्तार रोक देता था। गुप्ता के मुताबिक, इस परियोजना का तकनीकी आधार संयुक्त बाढ़ समिति द्वारा अगस्त 2024 में तैयार की गई रिपोर्ट है।



## पंजाब में सीमा पार हथियार तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब पुलिस ने मंगलवार को तीन लोगों की गिरफ्तारी और छह पिस्तौल बरामदगी के साथ सीमा पार से हथियार तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे और राज्य में हथियारों की तस्करी में मदद करते थे। उन्होंने बताया कि खेप बरामद करने के बाद, आरोपियों ने कथित तौर पर पंजाब भर के आपराधिक तत्वों को हथियार मुहैया कराए। डीजीपी ने कहा कि इस पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए सभी संबंधों का पता लगाने हेतु गहन जांच जारी है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान मंगल सिंह उर्फ मंगा (30 वर्ष) तरन तारन के काजीकोट गांव का निवासी, प्रणव शर्मा उर्फ लड्डु (24 वर्ष) अमृतसर के छेहरटा स्थित ऑर्किड वैली का निवासी और गौरव राणा (25 वर्ष) अमृतसर के गुरु नानक एवेन्यू का निवासी के रूप में हुई है। अमृतसर के कैंटोनमेंट पुलिस थाने में शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

- सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के से पाकिस्तान स्थित तस्करों के संपर्क में थे

भारतीय विदेश व्यापार संस्थान
INDIAN INSTITUTE OF FOREIGN TRADE
डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी
(वाणिज्य विभाग, भारत सरकार)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित "ए+ ग्रेड"
AACSB ACCREDITED

प्रबंधन (व्यापार विश्लेषणात्मक और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार) प्रोग्राम 2026-31 में एकीकृत प्रोग्राम में प्रवेश की घोषणा करता है

वाणिज्य विभाग, भारत सरकार द्वारा स्थापित भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी), काकिनाडा कैम्पस (आंध्र प्रदेश) में पेश किए जा रहे प्रबंधन (बीबीए-व्यापार विश्लेषणात्मक और एमबीए-अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार) प्रोग्राम 2026-31 में आवासीय एकीकृत प्रोग्राम में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

पात्रता : (1) वर्ष 2024, 2025 में अथवा 2026 में अपीयर होने वाले उम्मीदवारों को कला/वाणिज्य/विज्ञान संकाय अथवा समकक्ष में 10+2/XII/एचएससी परीक्षा 60% (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/ ट्रांसजेंडर से उम्मीदवारों के लिए 55%) अथवा अधिक अंकों सहित उत्तीर्ण की होनी चाहिए। (2) 2022 के बाद के वर्ष में उम्मीदवार को 60% (एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/ट्रांसजेंडर से उम्मीदवारों के लिए 55%) अथवा अधिक अंकों सहित कक्षा 10वीं परीक्षा अवश्य उत्तीर्ण की होनी चाहिए। (3) +2 लेवल में एक विषय के रूप में मैथेमेटिक्स/बिजनेस मैथेमेटिक्स/अप्लाइड मैथेमेटिक्स/स्टेटिस्टिक्स/बिजनेस स्टेटिस्टिक्स अनिवार्य है।

प्रवेश का तरीका : चयन आईपीएमएटी 2026 के स्कोर (आईआईएम-इंदौर द्वारा आयोजित किया जाएगा), कक्षा 10 के शैक्षणिक प्रोफाइल और जेंडर विविधता के आधार पर किया जाएगा।

टिप्पणी : उम्मीदवार को आईआईएम इंदौर की वेबसाइट पर उपलब्ध आईपीएम 2026-31 बैच के लिए आईपीएमएटी विज्ञापन और प्रवेश प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। आईआईएफटी प्रबंधन में इसके एकीकृत प्रोग्राम के लिए उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग / चयन करने के लिए आईपीएमएटी 2026 के स्कोर का उपयोग करेगा। आईआईएम इंदौर की न तो चयन प्रक्रिया में और न ही प्रोग्राम का संचालन करने में कोई भूमिका है।

प्रोग्राम के बारे में पूर्ण विवरण हेतु कृपया आईआईएफटी वेबसाइट www.iift.ac.in देखें।

| महत्वपूर्ण तिथियां | |
|---|---|
| आईआईएफटी के आईपीएम 2026-31 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अन्तिम तिथि | 20 अप्रैल 2026 |
| आईपीएमएटी 2025 (आईआईएम इंदौर द्वारा आयोजित किया जाएगा) की तिथि | 04 मई 2026 |

किन्हीं प्रश्नों हेतु, सम्पर्क करें :
सुश्री मीनाक्षी सक्सेना, असिस्टेंट रजिस्ट्रार (अकेडेमिक्स)
भारतीय विदेश व्यापार संस्थान, बी-21, कुतब इंस्टीट्यूशनल एरिया, नई दिल्ली-110016
टेली. 011-39147213
ई-मेल : ipm@iift.edu
वेबसाइट : www.iift.ac.in
सीबीसी-05103/12/0002/2627 श्री गौरव गुलाटी, रजिस्ट्रार

**सियासत** 2017 में भाजपा का दामन थामा, एक दशक से अधिक समय तक राजद में रहे

# राजद से भाजपा तक का सफर, सम्राट चौधरी बिहार के पहले भाजपा मुख्यमंत्री बनने की ओर

भाषा ▶▶| पटना



- सूबे में बदलाव के संकेत विस चुनाव से ही मिल रहे थे
- दो वर्ष तक नीतीश के नेतृत्व वाली जदयू में रहे

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले सम्राट चौधरी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल के नेता चुने जाने के साथ ही बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बनने की ओर अग्रसर हैं। बिहार की राजनीति में इस बदलाव के संकेत पिछले वर्ष नवंबर में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान ही मिल गए थे, जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक चुनावी सभा में कहा था कि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को "बड़ा आदमी" बनाया जाएगा। बिहार हिंदी पट्टी का वह प्रमुख राज्य रहा है, जहां लंबे समय तक प्रभावशाली उपस्थिति के बावजूद भाजपा सत्ता के शीर्ष पद तक नहीं पहुंच सकी थी। सम्राट चौधरी ने वर्ष 2017 में भाजपा का दामन थामा। इससे पहले वह एक दशक से अधिक समय तक राजद में रहे और करीब दो वर्ष तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल (यूनाइटेड) (जदयू) में भी रहे। सम्राट चौधरी, पूर्व सैनिक से राजनेता बने शकुनी चौधरी के पुत्र हैं। शकुनी चौधरी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस से की थी और बाद में अलग-अलग समय में लालू प्रसाद तथा नीतीश कुमार के साथ जुड़े रहे। सम्राट चौधरी ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत राबड़ी देवी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री के रूप में की थी।

राजद के वर्ष 2005 में सत्ता से बाहर होने के बाद भी वह लंबे समय तक इस पार्टी के साथ बने रहे, लेकिन 2014 में एक बागी धड़े के साथ जद(यू) में शामिल हो गए, जब जीतन राम मांझी राज्य के मुख्यमंत्री थे। तीन वर्ष बाद उन्होंने जद(यू) छोड़कर भाजपा का रुख किया, जहां उन्हें एक प्रभावशाली वक्ता और कोइरी समुदाय के प्रमुख नेता के रूप में पहचान मिली। उन्हें भाजपा की राज्य इकाई का उपाध्यक्ष बनाया गया, विधान परिषद का सदस्य बनाया गया और बाद में 2020 के विधानसभा चुनावों के बाद बनी सरकार में मंत्रिमंडल में स्थान मिला। मार्च 2023 में उन्हें भाजपा कर राज्य इकाई का अध्यक्ष बनाया गया और उन्होंने लोकसभा सदस्य संजय जायसवाल की जगह ली। कभी नीतीश कुमार के मुखर आलोचक रहे सम्राट चौधरी ने 2022 में जद(यू)-भाजपा अलग होने के बाद पगड़ी पहनने का संकल्प लिया था और कहा था कि वह इसे मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के हटने के बाद ही उतारेंगे।

### कोइरी समुदाय से आने वाले बिहार के दूसरे सीएम होंगे

उपमुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने भाजपा के विजय कुमार सिन्हा के साथ पद साझा किया, लेकिन उनकी राजनीतिक अहमियत तब और स्पष्ट हुई जब उन्हें गृह विभाग सौंपा गया, जो पहले नीतीश अपने पास रखते थे। सम्राट चौधरी संगठन के शीर्ष नेतृत्व को संतुष्ट रखने की क्षमता से आगे बढ़े हैं, जबकि उनकी पृष्ठभूमि संघ से जुड़ी नहीं रही है। सम्राट चौधरी कोइरी समुदाय से आने वाले बिहार के दूसरे मुख्यमंत्री होंगे। इससे पहले 1968 में सतीश प्रसाद सिंह इस समुदाय से मुख्यमंत्री बने थे, जिनका कार्यकाल पांच दिन का रहा था। शीर्ष पद पर पहुंचने के बाद सम्राट के सामने बिहार में भाजपा को मजबूत राजनीतिक आधार के रूप में स्थापित करने की चुनौती होगी। उन्हें जद(यू) जैसे सहयोगी दलों के साथ संतुलन बनाए रखना और छोटे सहयोगियों को साथ लेकर चलना होगा।

चिंतन

# बिहार : भाजपा के सामने बेहतर करने की चुनौती

बिहार में आखिरकार वह चिर अभिलषित क्षण आ ही गया, जब भाजपा पहली बार सत्ता की कुर्सी संभालने जा रही है। यह पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण हो सकता है। इसके साथ ही भाजपा के लिए चुनौती खुद नीतीश कुमार ही होंगे, क्योंकि नीतीश ने पिछले 20 सालों में बिहार को जिस जंगलराज से निकाला और प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया, वह भाजपा को लगातार चुनौती देता रहेगा। अब तक नीतीश के काम की तुलना लालू के जंगलराज से होती रही है और उनका थोड़ा सा काम ही बहुत आगे दिखता था, लेकिन अब भाजपा के काम की तुलना नीतीश के सुशासन से होगी। इसलिए अब भाजपा के सामने अच्छे को और बेहतर करने की चुनौती होगी। वहीं, जातिगत समीकरण खासकर कुर्मी समुदाय को साधना सबसे बड़ी चुनौती होगी। देखा जाए तो बिहार की राजनीति एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। पहली बार भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर सत्ता की बागडोर संभालने जा रही है और सम्राट चौधरी के रूप में नया नेतृत्व सामने है। यह क्षण सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि राजनीतिक नैरेटिव के बदलने का भी है। अब तक भाजपा सहयोगी की भूमिका में थी, लेकिन अब उसे नेतृत्व करना है और यही उसकी सबसे बड़ी परीक्षा भी होगी। सबसे अहम बात यह है कि भाजपा की असली चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि नीतीश कुमार की विरासत है। भाजपा के सामने अब 'कम बुरा' नहीं, बल्कि 'बेहतर से भी बेहतर' साबित करने की चुनौती है। नीतीश कुमार के इस्तीफे और नई सरकार को समर्थन देने के बयान ने राजनीतिक संक्रमण को सहज बना दिया है, लेकिन इससे भाजपा की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सहयोगी से नेतृत्वकर्ता बनने की यात्रा में अपेक्षाएं कई गुना बढ़ जाती हैं। अब जनता सिर्फ स्थिरता नहीं, बल्कि तेज़ और दिखने वाला विकास चाहती है। सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रशासनिक निरंतरता और नवाचार के बीच संतुलन बनाने की होगी। बिहार जैसे राज्य में जहां अभी भी बुनियादी ढांचे, रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम बाकी हैं, वहां केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि जमीन पर परिणाम देने होंगे। एक और अहम पहलू है राजनीतिक परिपक्वता। भाजपा को यह समझना होगा कि बिहार की राजनीति केवल विचारधारा से नहीं, बल्कि सामाजिक समीकरणों और जमीनी संवेदनशीलता से भी संचालित होती है। यहां हर निर्णय का असर व्यापक सामाजिक ढांचे पर पड़ता है। ऐसे में जल्दबाजी या अति-आत्मविश्वास नुकसानदेह हो सकता है। साथ ही, केंद्र और राज्य के तालमेल का फायदा उठाने का यह उपयुक्त समय है। अगर सही रणनीति अपनाई जाए तो इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और निवेश के क्षेत्र में बिहार नई छलांग लगा सकता है। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता भी जरूरी होगी। इस बदलाव का एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि अब तुलना 'जंगलराज बनाम सुशासन' से आगे बढ़कर 'सुशासन बनाम बेहतर सुशासन' की होगी। इसका सीधा फायदा जनता को मिलेगा। अंततः, यह बदलाव भाजपा के लिए अवसर भी है और परीक्षा भी। अवसर इसलिए कि वह अपनी नीतियों और नेतृत्व को साबित कर सके और परीक्षा इसलिए कि उसे पहले से स्थापित मानकों से ऊपर उठकर दिखाना होगा। अगर भाजपा इस कसौटी पर खरी उतरती है, तो यह न सिर्फ उसके लिए, बल्कि बिहार के लिए भी एक नए युग की शुरुआत होगी। अगर वह अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो यही ऐतिहासिक मौका एक बड़ी राजनीतिक चुनौती में बदल सकता है।

नक्सलवाद पर प्रहार
शशिकांत उपाध्याय



# आत्मसमर्पण, गिरफ्तारियां और विकास से बदली तस्वीर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के रणनीतिक नेतृत्व, स्पष्ट नीति और बहुस्तरीय दृष्टिकोण के चलते देश में नक्सलवाद का खात्मा हो गया। 31 मार्च, 2026 की तारीख उन्होंने तय की थी और 30 मार्च को ही संसद में अपने वक्तव्य के माध्यम से पूरे देश को सुखद सूचना दी कि देश अब नक्सलवाद के दंश से मुक्त हो गया है। केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों और आपसी समन्वय से सुरक्षा, विकास और पुनर्वास को साथ लेकर चलने की उनकी रणनीति ने जमीनी स्तर पर ठोस परिणाम दिए हैं। क्रमवार तरीके से हिंसा में ऐतिहासिक गिरावट आई है, जबकि आत्मसमर्पण और गिरफ्तारियों के आंकड़ों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2010 के उच्च स्तर की तुलना में 2024 तक नक्सली घटनाओं में लगभग 80 प्रतिशत और मौतों में करीब 85 प्रतिशत की कमी आई है। नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या भी 126 से घटकर केवल 38 रह गई है। हाल के वर्षों में यह सुधार और तेज हुआ है। वर्ष 2019 से 2024 के बीच हिंसक घटनाएं 501 से घटकर 374 हो गईं, जो लगभग 25 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाती हैं। इसी अवधि में नागरिकों और सुरक्षाबलों की मौतें 202 से घटकर 150 सालाना रह गईं। यह संकेत है कि न केवल घटनाएं कम हुई हैं, बल्कि उनकी तीव्रता और प्रभाव भी घटा है। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव नक्सलियों के व्यवहार में आया है। अब बड़ी संख्या में उग्रवादी मुख्यधारा में लौट रहे हैं। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में (सितंबर तक) 270 मारे गए, 680 गिरफ्तार हुए और 1,225 ने आत्मसमर्पण किया। यह तथ्य अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि सरकार की नीति का असर सीधे जमीनी कैडरों पर पड़ा है। वे हथियार छोड़कर सामान्य जीवन की ओर लौटने लगे। यह बदलाव केवल सुरक्षा बलों की कार्रवाई का परिणाम नहीं है, बल्कि "विकास के साथ विश्वास" की नीति का भी असर है। रणनीति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नक्सलवाद का समाधान केवल बंदूक से नहीं, बल्कि विकास, संवाद और पुनर्वास के संतुलित प्रयासों से ही संभव है। छत्तीसगढ़, जो कभी नक्सलवाद का गढ़ माना जाता था, वहां भी बड़ा बदलाव देखने को मिला है। वर्ष 2024 में जहां 290 नक्सली मारे गए, वहीं 1,000 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया। बस्तर क्षेत्र में तो समूह के समूह आत्मसमर्पण कर रहे हैं। दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ से जुड़े 200 से अधिक कैडरों ने एक साथ आत्मसमर्पण कर संविधान के प्रति आस्था जताई, यह बदलाव का एक ऐतिहासिक प्रतीक माना जा रहा है। सरकार की पुनर्वास योजनाओं का भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। आत्मसमर्पण करने वाले कई पूर्व उग्रवादी अब "बस्तर कैफे" जैसे उद्यम चला रहे हैं, वहीं कुछ "बस्तर फाइटर्स" के रूप में सुरक्षा बलों में शामिल होकर समाज की सेवा कर रहे हैं। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में भी बड़ी सफलता मिली है। शीर्ष माओवादी नेतृत्व का तेजी से सफाया हुआ है। इससे संगठन की कमर टूट चुकी है। विकास कार्यों ने भी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की तस्वीर बदल दी है। सरकार की "क्लियर, होल्ड एंड डेवलप" रणनीति के तहत सुरक्षा के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। 2014 से अब तक कुल 14,618 किलोमीटर सड़क निर्माण हुआ है। दूरसंचार क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है-7,768 मोबाइल टावर स्थापित किए गए हैं, जिससे दूरदराज के इलाकों में 4जी कनेक्टिविटी पहुंची है। 1,007 नई बैंक शाखाएं और 937 एटीएम खोले गए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में 95 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, 46 आईटीआई और 49 कौशल विकास केंद्र स्थापित किए गए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत 186 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हजारों पक्के घर बनाए गए हैं, जिससे आदिवासी क्षेत्रों में लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। वहीं, 596 आधुनिक पुलिस थाने स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है। सरकार ने सुरक्षा बलों को पूरी ऑपरेशनल स्वतंत्रता दी है, जिससे त्वरित और प्रभावी कार्रवाई संभव हो पाई है। मल्टी-एजेंसी समन्वय, आधुनिक तकनीक, ड्रोन निगरानी और खुफिया नेटवर्क के कारण नक्सली गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। वहीं, एनआईए और प्रवर्तन निदेशालय जैसी एजेंसियों ने नक्सलियों की फंडिंग और हथियारों की आपूर्ति को काफी हद तक ध्वस्त कर दिया है। आज जब नक्सल हिंसा सिमट रही है और आत्मसमर्पण के आंकड़े बढ़ रहे हैं, तो यह कहना गलत नहीं होगा कि देश नक्सलवाद के अंत की ओर बढ़ रहा है, इस बदलाव के केंद्र में है एक स्पष्ट दृष्टि, मजबूत इच्छाशक्ति और ठोस रणनीतिक नेतृत्व।

( लेखक सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त आईजी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



चिकित्सा सेवा
जेपी नड्डा

# नवाचार की ओर बढ़ती औषधि रणनीति

लंबे समय से जेनेरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फ़ार्मेसी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनेरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में रुपये 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है।

भारत की औषधि रणनीति पैमाने से नवाचार की ओर बढ़ रही है, ताकि देश को बायोफार्मा और उच्च-मूल्य वाले चिकित्सा विज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सके। वैश्विक स्तर पर, कुल औषधि राजस्व में बायोलॉजिक, बायोसिमिलर और विशेष दवाओं की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक हो गई है। लंबे समय से जेनेरिक दवाओं में अग्रणी देश होने के कारण 'विश्व की फ़ार्मेसी' के रूप में प्रसिद्ध भारत का औषधि उद्योग अब पैमाने से नवाचार की ओर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारत सरकार भविष्य के अनुरूप एक नीतिगत रूपरेखा को गति दे रही है, ताकि देश जेनेरिक दवाओं में अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखते हुए इन उभरते क्षेत्रों में अधिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सके। केंद्रीय बजट 2026-27 में रुपये 10,000 करोड़ के मिशन बायोफार्मा निर्माण शक्ति की घोषणा इस दिशा में एक निर्णायक कदम को रेखांकित करती है। यह अगले 8 से 10 वर्षों में भारत को बायोफार्मा नवाचार और उच्च मूल्य वाली चिकित्सा सेवाओं के वैश्विक केन्द्र बनाने के देश के संकल्प का संकेत देती है।

यह विज़न गहरी वैज्ञानिक क्षमताओं के निर्माण, नवाचार-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने और भारत को अगली पीढ़ी की दवाओं के क्षेत्र में एक अग्रणी देश के रूप में उभरने में सक्षम बनाने पर आधारित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर और उन्नत चिकित्सीय क्षेत्रों में घरेलू क्षमताओं को गति देना है। यह कार्यक्रम औषधि विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और जैव प्रौद्योगिकी विभाग की मौजूदा पहलों का पूरक है, जैसे फार्मा मेडटेक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना (पीआरआईपी), अनुसंधान विकास और नवाचार योजना, बायोनेस्ट आदि, जिनका उद्देश्य जैव- औषधि समेत जीवन विज्ञान क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना है। ये पहलें भारत के नवाचार इकोसिस्टम को मजबूत करने, उद्योग-अकादमी सहयोग को बढ़ावा देने तथा जेनेरिक दवाओं से नवाचार संचालित दवा अनुसंधान और विकास की ओर बदलाव को सक्षम करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इस रणनीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ किण्वन-आधारित निर्माण क्षमताओं का विकास करना है। एंटीबायोटिक, वैक्सीन, एंज़ाइम और बायोलॉजिक्स के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, यह क्षेत्र लंबे समय से आयात पर निर्भर रहा है।

अवसंरचना में निवेश करके, प्रौद्योगिकी विकास और हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाकर तथा लक्षित प्रोत्साहन प्रदान करके, भारत इस रणनीतिक क्षेत्र में घरेलू क्षमता का निर्माण करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। भारत के नैदानिक अनुसंधान इकोसिस्टम का विस्तार भी समान रूप से महत्वपूर्ण है।

1,000 मान्यता प्राप्त नैदानिक प्रयोग केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जो वैश्विक दवा विकास गंतव्य के रूप में भारत की स्थिति को बेहतर बनाएंगे। अपनी लागत लाभ और कुशल शोधकर्ताओं की बढ़ती संख्या के साथ, भारत कुशल और उच्च गुणवत्ता वाले नैदानिक



प्रयोग के लिए असाधारण अवसर प्रदान करता है। साथ ही, नियामक व्यवस्था को मजबूत करने और संस्थागत क्षमताओं को बढ़ाने से भारत की मौजूदा व्यवस्था वैश्विक मानकों के अधिक अनुरूप होगी, जिससे तेज अनुमोदन संभव होंगे और वैश्विक हितधारकों के बीच विश्वास बढ़ेगा। पिछले कुछ वर्षों में, भारत ने पीएलआई और थोक दवा (बल्क ड्रग) पार्क योजनाओं के सहारे सक्रिय औषधि सामग्री (एपीआई) और मुख्य आरंभिक सामग्रियों (केएसएम) के स्थानीय उत्पादन में तेज़ी से प्रगति हुई है। इससे देश में दवाओं की कीमतें घटाने में मदद मिली है, जो विश्व स्तर पर सबसे कम कीमतों में से एक है और इसके कारण नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल की लागत किफायती बनी रहती है।

प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना ने सस्ती कीमतों पर गुणवत्ता युक्त जेनेरिक दवाओं तक पहुंच का विस्तार किया है, जिसके तहत 19,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र लाखों लोगों की सेवा कर रहे हैं। कैंसर और दुर्लभ रोगों की दवाओं जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं पर सीमा-शुल्क को सुव्यवस्थित करने जैसे पूरक उपायजीवन रक्षक उपचारों तक पहुंच को और सुलभ बना रहे हैं। जैसे-जैसे उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाएं अधिक व्यापक होंगी, किफायती दर और समान पहुंच सुनिश्चित करना केंद्रीय नीति की प्राथमिकता बनी रहेगी। जैसे-जैसे उद्योग विकसित हो रहा है, भारत का उद्देश्य न केवल स्थापित बाजारों में बल्कि उभरते क्षेत्रों में, विशेष रूप से नवाचार-संचालित क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है।


सुधार, इस बदलाव के केंद्र में हैं। नियामक समन्वय, अनुमोदन प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण और तेजी से मंजूरी जैसे प्रयास व्यापार करने में आसानी को बढ़ा रहे हैं। गुणवत्ता मानकों और नियामक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने से भारतीय औषधि उत्पादों पर वैश्विक विश्वास की निरंतरता सुनिश्चित होती है। हालांकि, आरएंडडी निवेश बढ़ाना एक प्रमुख चुनौती बनी हुई है। इसका समाधान करने के लिए, सार्वजनिक-निजी सहयोग को मजबूती देना आवश्यक होगा, ताकि दीर्घकालिक नवाचार को बनाए रहा जा सके। नीतिगत समर्थन, तकनीकी प्रगतिऔर बाजार का आपसी समन्वय; औषधि क्षेत्र के लिए विकास का एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है। भारत का घरेलू बाजार, जिसका मूल्य पहले से ही 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक है, निरंतर विस्तार के लिए तैयार है। अगले दशक में, भारत न केवल जेनेरिक दवाओं में एक अग्रणी देश के रूप में, बल्कि नवोन्मेषी दवाओं, किण्वन-आधारित उत्पादों और अगली पीढ़ी की चिकित्सा-सेवाओं में भी एक शक्तिशाली केंद्र के रूप में उभरने के लिए बेहतर स्थिति में है।

निष्कर्ष के तौर पर, भारत का औषधि क्षेत्र नए चरण में प्रवेश कर रहा है, जो नवाचार, सुदृढ़ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा द्वारा परिभाषित होता है। बायोफार्मा शक्ति कार्यक्रम जैसी पहलों, नैदानिक अवसंरचना के विस्तार और लक्षित निर्माण प्रोत्साहनों के समर्थन से, भारत धीरे-धीरे मात्रा-संचालित जेनेरिक दवा केंद्र से उच्च-मूल्य वाले बायोफार्मा नवाचार अग्रणी देश की ओर आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल में भारत की भूमिका को मजबूत करने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न,विकसित भारत 2047 के व्यापक लक्ष्यों को हासिल करने में केंद्रीय भूमिका निभाएगा।

( लेखक केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# क्रियायोगः अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# पांच मिनट का जीवन



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

अंतर्मन





## आज की पाती

### बाल तस्करी पर कठोरतम कानून की आवश्यकता

देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार सामने आ रही बाल तस्करी की घटनाएँ समाज और व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चेतावनी बन चुकी हैं। हाल ही में पटना-पुणे एक्सप्रेस से बिहार के अररिया जिले के 163 बच्चों को महाराष्ट्र के लातूर ले जाए जाने के दौरान कटनी रेलवे स्टेशन पर उतारा जाना इसी चिंता का एक बड़ा उदाहरण है। इन बच्चों को लेकर जा रहे आठ लोगों के विरुद्ध मानव तस्करी का मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की गई है। आरोपितों का दावा था कि वे बच्चों को उनके अभिभावकों की सहमति से मदरसों में शिक्षा के लिए ले जा रहे थे, किंतु जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में बच्चों को एक साथ दूरस्थ स्थानों पर ले जाया जा रहा था, उसने प्रशासन को संदेह करने के लिए विवश कर दिया। यह घटना केवल एक मामला नहीं है, बल्कि उस गहरी समस्या का संकेत है, जो देश के कई हिस्सों में वर्षों से पनप रही है। – *जयशंकर, झज्जर*

ट्रेंड

### बिहार का विकास



सम्राट चौधरी के बिहार में भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में बिहार के विकास का संकल्प और मजबूत होगा।
- **राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री

### अधिकारों का हनन



डॉ. आंबेडकर ने हमें सिर्फ संविधान ही नहीं, बल्कि न्याय, समानता और गरिमा पर आधारित एक सशक्त भारत का सपना भी दिया। आज कुछ ताकतें उनकी विरासत और हमारे संविधान को कमजोर करने के लिए सुनियोजित रूप से काम कर रही हैं, अधिकारों का हनन हो रहा है।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### वाटर एटीएम



शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में आज शुरू किए गए इन वाटर एटीएम से स्वच्छ पेयजल की सुविधा हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचेगी। वाटर एटीएम कार्ड के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 20 लीटर शुद्ध पानी उपलब्ध कराया जाएगा।
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### आंबेडकर ई-पुस्तकालय



राज्य के अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 200 आंबेडकर ई-पुस्तकालयों और जयपुर में आवासीय कोचिंग केंद्र की स्थापना की घोषणा की गई। यह पहल हमारे युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक सिद्ध होगी।
- **भजनलाल शर्मा,** सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

# नेपाल में नव वर्ष 2083 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ



नेपाल में मंगलवार को विक्रम संवत कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष 2083 का स्वागत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। बैसाख 1, जिसे बैसाख संक्रांति भी कहा जाता है, विक्रम संवत (बीएस) कैलेंडर के वर्ष परिवर्तन का प्रतीक है, जो सौर गति पर आधारित सबसे प्राचीन कैलेंडरों में से एक है। इस अवसर पर लोग मंदिरों में दर्शन करते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं, सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित करते हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं। नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह 'बालेन' ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। रैपर से राजनेता बने बालेन्द्र ने कहा, 'नव वर्ष 2083 के शुभारंभ के अवसर पर मैं सभी को सुख, शांति और समृद्धि की शुभकामनाएं देता हूं।' राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने अपने नव वर्ष संदेश में देश के लोगों से साझा राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया। 'हिमालयन टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार उपराष्ट्रपति रामसहाय प्रसाद यादव ने भी लोगों को शुभकामनाएं दीं और देशवासियों से नव वर्ष का उपयोग सकारात्मक सोच, अनुशासन और भाईचारे को बढ़ावा देने के अवसर के रूप में करने का आग्रह किया।

ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण



यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियां विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| पंजाब | 4 | 3 | 1 | 7 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 4 | 2 | 2 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 |

**ऑरेंज कैप**



हेनरिक क्लासेन
224 रन
हैदराबाद

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा
10 विकेट
गुजरात

# सूर्यकुमार ने 2714 गेंदों में ठोक डाले 4,000 रन, दूसरे नंबर पर गिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 19वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (56) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 28वां अर्धशतक रहा। इस पारी का 25वां रन बनाते ही उन्होंने आईपीएल में भी 4,000 रन पूरे कर लिए। वह गेंदों के लिहाज से यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय हैं।

## आईपीएल में दमखम दिखाने वाले भारतीय बल्लेबाज



**सूर्यकुमार यादव : 2,714 गेंद**

आईपीएल इतिहास में गेंदों के लिहाज से सबसे तेज 4,000 रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव हैं। उन्होंने 2,714 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में अब तक 170 मैच खेले हैं, जिसकी 155 पारियों में 34.77 की औसत और 148.77 की स्ट्राइक रेट से 4,417 रन बनाने में सफल रहे हैं। इसमें 2 शतक और 30 अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 103* रन का है।



**शुभमन गिल : 2,875 गेंद**

सूची में जीटी के कप्तान गिल अब दूसरे पायदान पर आ गए हैं। उन्होंने 2,875 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ है। उन्होंने 2018 में आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद से अब तक 121 मैच खेले हैं, जिसकी 118 पारियों में लगभग 40 की औसत और 139.05 की स्ट्राइक रेट से 4,031 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 4 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 129 रन का रहा है।



**सुरेश रैना : 2886 गेंद**

सूची में चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना तीसरे नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने 2,886 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने 2008 में अपने आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद कुल 205 मैच खेले थे, जिसकी 200 पारियों में 32.51 की औसत और 136.73 की स्ट्राइक रेट से 5,528 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 1 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 100* रन का रहा है।



**महेंद्र सिंह धोनी : 2887 गेंद**

इस सूची में सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चौथे नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने 2,887 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने 2008 में अपने आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद कुल 278 मैच खेले थे, जिसकी 242 पारियों में 38.30 की औसत और 137.40 की स्ट्राइक रेट से 5,439 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 24 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84* रन का रहा है।

### सैमसन ने 48 रन बनाए, अहमद 3 विकेट लेकर बने मैन ऑफ द मैच

# नूर के आगे बुझी नाइट राइडर्स की चमक, चेन्नई ने 32 रन से हराया



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

स्पिनर नूर अहमद की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से हरा दिया जो पांच मैचों में उसकी चौथी हार है। संजू सैमसन (32 गेंद में 48 रन) और आयुष म्हात्रे (17 गेंद में 38 रन) ने पावरप्ले में चेन्नई को दो विकेट पर 72 रन तक पहुंचा दिया था जिसकी मदद से टीम ने पांच विकेट पर 192 रन बनाये। वहीं केकेआर जवाब में 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन ही बना सके। अफगानिस्तान के स्पिनर नूर ने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिये। उन्होंने केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे (22 गेंद में 28), रिंकू सिंह (छह) और कैमरन ग्रीन (0) को आउट किया। केकेआर का स्कोर एक समय दो विकेट पर 79 रन था जो छह विकेट पर 90 रन हो गया। बायें हाथ के स्पिनर अकील ने चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। रहाणे और अरघुवंशी (19 गेंद में 27) ने तीसरे विकेट के लिये पांच ओवर में 50 रन की साझेदारी की। दसवें ओवर में रघुवंशी के आउट होने के बाद केकेआर की ओर से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। शाहरूख खान की टीम ने पहले पांच मैचों में यह चौथी हार है। वहीं चेन्नई लगातार दो मैच जीतकर अपने अभियान को ढर्रे पर लाती दिख रही है। केकेआर के लिये रोवमैन पॉवेल 22 गेंद में 31 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि रमनदीप सिंह ने 23 गेंद में 35 रन बनाये लेकिन तब तक मैच उनकी टीम की जद से बाहर निकल चुका था।

**चेन्नई-192/5 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू सैमसन बो त्यागी | 48 |
| रूतुराज का पॉवेल बो रॉय | 7 |
| आयुष का रमनदीप बो अरोड़ा | 38 |
| डेवाल्ड का अरोड़ा बो त्यागी | 41 |
| सरफराज खान बो नारायण | 23 |
| शिवम दुबे नाबाद | 13 |
| जैमी ओवर्टन नाबाद | 12 |

अतिरिक्त : 15 रन
योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन
विकेट पतन : 1-25, 2-72, 3-111, 4-162, 5-171
गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-55-1, ग्रीन 2-0--30-0, रॉय 3-0-21-1, नारायण 4-0-21-1, चक्रवर्ती 3-0-26-0, त्यागी 4-0-35-2

**कोलकाता-160/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिन एलेन का दुबे बो कम्बोज | 1 |
| सुनील का गुरजपनीत बो अहमद | 24 |
| रहाणे का गायकवाड़ बो अहमद | 28 |
| रघुवंशी का ब्रेविस बो हुसैन | 27 |
| रिंकू सिंह का दुबे बो अहमद | 6 |
| कैमरन ग्रीन बो अहमद | 0 |
| रोवमैन पॉवेल नाबाद | 31 |
| रमनदीप का खान बो कम्बोज | 35 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : सात रन
योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन
विकेट पतन : 1-13, 2-29 , 3-79 , 4-85 , 5-85, 6-90 , 7-153
गेंदबाजी : खलील 3.5-0-24-1, कम्बोज 4-0-32-2, हुसैन 4-0-26-1, अहमद 4-0-21-3, गुरजपनीत 1.1-0-23-0, ओवरटन 3-0-32-0

### रॉयल की आज जायंट्स से होगी पहली भिड़ंत

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से 15 अप्रैल को चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। आरसीबी ने इस सीजन में अब तक 3 मैच जीते हैं और 1 में शिकस्त झेली है, जबकि एलएसजी ने 2 मुकाबले जीते हैं और 2 में ही हार का सामना किया है। इस मैच में जहां विराट कोहली सहित टीम के अन्य बल्लेबाजों को अपना दमखम दिखाना होगा वहीं ऋषभ पंत की टीम भी पहले मैच में आरसीबी को परास्त करने पूरे जोश के साथ उतरेगी। एलएसजी के खिलाफ आरसीबी का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 6 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 4 मैच में आरसीबी को जीत मिली है और 2 मैच एलएसजी ने अपने नाम किए हैं। इस संस्करण दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल 2025 में दोनों टीम सिर्फ 1 मैच में भिड़ी थी। उस मैच को आरसीबी ने 6 विकेट से जीता था।

**आईसीसी**

## प्लेयर ऑफ द मंथ, सैमसन और अमेलिया केर ने जीता पुरस्कार



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय क्रिकेट टीम के संजू सैमसन को मार्च महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया है। सैमसन ने टी-20 विश्व कप 2026 की खिताबी जीत वाले अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। सैमसन ने अपने साथी खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के कॉनर एस्टरहुइजन को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर प्लेयर ऑफ द मंथ बनी हैं।



### विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे थे सैमसन

*टी-20 विश्व कप 2026 में सैमसन को शुरुआती मुकाबलों में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला था। हालांकि, जब उन्हें चुना गया तो उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीता था। इस खिलाड़ी ने 5 मैच की 5 पारियों में 80.25 की उम्दा औसत और 199.37 की स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाए थे। मार्च 2026 में उन्होंने 3 पारियों में 137.50 की औसत और 199.27 की शानदार स्ट्राइक रेट से 275 रन बनाए थे।*

## खबर संक्षेप




### ईरानी टीम एशियाई चैंपियंस लीग में खेलने जेद्दा पहुंची

**जेद्दा।** मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के बीच ईरान के क्लब ट्रैक्टर की टीम सऊदी अरब पहुंच गई है और उसने पुष्टि की है कि वह एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के राउंड ऑफ 16 में खेलेगी। अमेरिका और इज़राइल के ईरान पर हमले के बाद मार्च में पश्चिम एशिया के प्लेऑफ मैच स्थगित कर दिए गए थे। इसके बाद अंतिम 16 के मैचों का कार्यक्रम फिर से तैयार किया गया। ट्रैक्टर की टीम एक लंबी यात्रा के बाद रविवार को जेद्दा पहुंची। वह उत्तर पश्चिमी ईरान में स्थित अपने गृहनगर तबरीज़ से सड़क मार्ग से तुर्की पहुंची और फिर इस्तांबुल से हवाई मार्ग से यहां पहुंची। युद्ध के कारण ईरान की लीग स्थगित कर दी गई थी और ट्रैक्टर की टीम ने 28 फरवरी के बाद से कोई भी प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है।

### पीएसएल ने मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया

**लाहौर।** पाकिस्तान सुपर लीग ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध होने के बावजूद उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने का विकल्प चुना था। मुजरबानी ने इस्लामाबाद यूनाइटेड के साथ अनुबंध किया था लेकिन आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल होने की पेशकश की जिसके बाद उन्होंने पीएसएल से हटने का फैसला किया। पिछले टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मुजरबानी ने अब तक केकेआर के लिए दो मैच खेले हैं और ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट लिए थे।

### मैकुलम से मतभेद की खबरों को स्टोक्स ने किया खारिज

**लंदन।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज श्रृंखला के दौरान कोच ब्रेंडन मैकुलम से मतभेद की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि यह कहना बेहद अतिशयोक्तिपूर्ण है। स्टोक्स और मैकुलम 2022 से एक-दूसरे का अच्छा साथ निभा रहे हैं, लेकिन पिछली सर्दियों में ऑस्ट्रेलिया से 4-1 से हारने पर उन्हें गहरा झटका लगा। हार के बाद दोनों ने एक-दूसरे का समर्थन किया, लेकिन एशेज की समीक्षा से तनाव के संकेत मिले। स्टोक्स संभलकर खेलना चाहते थे जबकि मैकुलम आक्रामक रवैया बरकरार रखना चाहते थे। स्टोक्स ने एक साक्षात्कार में कहा, ''यह कहना कि हम एकमत नहीं थे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ी अतिशयोक्ति है। जब आप किसी और के साथ नेतृत्व की स्थिति में होते हैं और तब अगर कोई यह सोचता है कि आप हमेशा हर बात पर सहमत होंगे तो यह बिल्कुल असंभव है।'' उन्होंने कहा, ''भले ही मेरे और ब्रेंडन के विचार मिलते हैं लेकिन कुछ मामलों में हम अलग भी हैं।



**मुंबई की बड़ी टैंशन**

## रोहित की हैमस्ट्रिंग की चोट का होगा स्कैन



एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अपनी हैमस्ट्रिंग चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन करवाएंगे। अब वीरवार को होने वाले अगले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उनकी उपलब्धता स्कैन के नतीजों पर निर्भर करेगी। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार 38 वर्षीय रोहित रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान छठे ओवर में चोटिल होने के बाद रिटायर होकर मैदान से बाहर चले गए। रोहित की चोट की सही स्थिति स्कैन के नतीजों से ही साफ हो पाएगी, जिनसे चोट की गंभीरता का पता चलेगा। इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, सिवाय इसके रोहित को हैमस्ट्रिंग की समस्या है।

### आरसीबी से मैच में मैदान छोड़कर चले गए थे

मैदान छोड़ने से पहले उन्होंने 13 गेंदों में 19 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और एक छक्का शामिल था। चोटिल होकर रिटायर होने से पहले, उस ओवर की पहली गेंद से पहले मुंबई इंडियंस के फिजियो ने रोहित का इलाज किया था। इलाज के लिए खेल काफी देर तक रुका रहा, जिसके बाद वे दूसरी गेंद का सामना करने के लिए लौटे, लेकिन उन्होंने बस उस गेंद को ब्लॉक किया और चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए।

### चोटिल कार्स की जगह मदुशंका सनराइजर्स टीम में

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को चोटिल ब्रायडन कार्स की जगह इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी मैचों के लिये सनराइजर्स हैदराबाद टीम में शामिल किया गया है। कार्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ पहले मैच से पूर्व नेट्स पर अभ्यास के दौरान हाथ में चोट लगी थी।



### एशियाई लॉन बाउल्स में भारत को स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** दिल्ली के खिलाड़ी नवनीत सिंह ने हाल ही में संपन्न एशियाई लॉन बाउल्स चैंपियनशिप में पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स (चार खिलाड़ी) स्पर्धाओं में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की। दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम में छह से 12 अप्रैल तक आयोजित टूर्नामेंट में भारत ने पुरुष पेयर्स के फाइनल में हांगकांग को 17-15 से और पुरुष फोर्स के फाइनल में मलेशिया को 19-6 से हराया। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत ने पुरुषों की समग्र चैंपियन ट्रॉफी, समग्र टीम ट्रॉफी और चैलेंज ट्रॉफी जीती।

## सिंदरोव ने एक राउंड पहले ही जीता खिताब, अब गुकेश से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट**

उज़्बेक के ग्रैंडमास्टर 20 वर्षीय जावोखिर सिंदारोव ने 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में एक राउंड पहले ही खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। इस जीत के साथ ही सिंदारोव ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। 13वें राउंड के बाद 9.5 अंकों के साथ शीर्ष पर रहते हुए सिंदारोव ने न केवल टूर्नामेंट जीता, बल्कि साल के अंत में होने वाली विश्व शतरंज चैंपियनशिप में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश को चुनौती देने का अधिकार भी हासिल कर लिया। सिंदरोव की यह जीत कई मायनों में खास है। वह कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र (20 वर्ष) में विजेता बनने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। साथ ही, उन्होंने एक राउंड पहले ही ऐसी अजेय बढ़त बना ली, जिसे कोई अन्य खिलाड़ी पार नहीं कर सका। पूरे टूर्नामेंट में सिंदारोव का दबदबा देखने को मिला और उन्होंने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया। 13 राउंड के बाद वह दूसरे स्थान पर रहे नीदरलैंड्स के अनीश गिरी से पूरे 2 अंक आगे रहे, जो उनकी श्रेष्ठता को दर्शाता है। टूर्नामेंट के दौरान सिंदारोव की सबसे अहम जीत 10वें राउंड में आई, जब उन्होंने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा को हराकर अपनी स्थिति को और मजबूत किया। अब साल के अंत में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में सिंदारोव और गुकेश के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहने की उम्मीद है। इसे नई पीढ़ी के दो दिग्गजों की टक्कर माना जा रहा है, क्योंकि गुकेश ने 2024 में चीनी खिलाड़ी को हराकर विश्व खिताब अपने नाम किया था।



**टी-20 टीम में आयरलैंड दौरे पर मिल सकता है मौका**

# भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं वैभव सूर्यवंशी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में शानदार प्रदर्शन कर रहे राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जून में आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम में शामिल किया जा सकता है। महज 15 साल की उम्र में वह भारत के सबसे युवा डेब्यू करने वाले पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं। चयनकर्ता उन्हें इस छोटे दौरे पर मौका देने पर विचार कर रहे हैं, ताकि आगे बड़े दौरे से पहले उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिल सके।



### शानदार बल्लेबाजी से खींचा चयनकर्ताओं का ध्यान

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सूर्यवंशी आयरलैंड दौरे के लिए चयन की दौड़ में हैं और चयनकर्ताओं ने कई अन्य खिलाड़ियों के साथ उनका नाम शॉर्टलिस्ट किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चयनकर्ता युवा खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जल्द आजमाने के पक्ष में हैं और उन्हें सीमित ओवरों की सीरीज में मौका दिया जा सकता है।आयरलैंड दौरे के बाद जिम्बाब्वे दौरे में भी उन्हें शामिल किया जा सकता है। फिलहाल भारत के लिए सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने 16 साल 205 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।

### भारत-द. अफ्रीका महिला टी20 सीरीज 17 से

**जोहान्सबर्ग।** साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम का ऐलान किया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज टेबोगो मचेके को पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया, जबकि ऑलराउंडर एलिज-मारी मार्क्स को 15 सदस्यीय टीम में वापस बुलाया गया है। दोनों देश 17-27 अप्रैल के बीच पांच टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगे। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज के शुरुआती दो मैच 17 और 19 अप्रैल को डरबन में खेले जाने हैं। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहान्सबर्ग अगले दो मुकाबलों की मेजबानी करेगा। सीरीज का अंतिम मैच बेनोनी में 27 अप्रैल को आयोजित होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28

### होर्मुज में नाकेबंदी को चीन ने कहा गैर-जिम्मेदाराना कदम

# चीन ने पेश किए 4 शांति प्रस्ताव, अमेरिका का जंगलराज नहीं चलने देंगे: शी चिनफिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच चीन ने एक बड़ा कूटनीतिक दांव चला है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने आधिकारिक तौर पर चार-सूत्रीय शांति प्रस्ताव का खुलासा कर दिया है। वे इसे क्षेत्र में स्थिरता लाने का एकमात्र रास्ता बता रहे हैं। यह घोषणा तब हुई जब बीजिंग में संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और अन्य वैश्विक नेता अहम चर्चा के लिए जुटे थे। इसके साथ चिनफिंग ने अमेरिका को जमकर खरी-खोटी सुनाई और कहा कि इस तरह अमेरिका का जंगलराज नहीं चलने देंगे। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अमेरिका को खरी-खरी सुनाते हुए कहा, जंगलराज नहीं चलने देंगे। दुनिया को जंगल के कानून की तरफ वापस जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि, ईरान युद्ध को लेकर अमेरिका ने इससे पहले स्पेन को दुत्कार दिया था, लेकिन अब चीन ने इस मामले पर स्पेन का साथ दिया है। चिनफिंग ने कहा, चीन और स्पेन दोनों ही सिद्धांतवादी और तर्कसंगत देश है। हम इतिहास के सही पक्ष में खड़े होने के लिए तैयार हैं। हमें जंगल के कानून का विरोध करना चाहिए और मिलकर सच्चे बहुपक्षवाद को कायम रखते हुए विश्व शांति और विकास की रक्षा करनी चाहिए। बता दें कि पाकिस्तान में ईरान के साथ शनिवार को हुई शांति वार्ता के विफल होने से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाराजगी जताते हुए स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरान के बंदरगाहों पर नाकेबंदी की कार्रवाई को लागू कर दिया।

- चीन ने ईरान को हथियार देने के आरोप खारिज किए
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर साफ कहा- खतरनाक खेल खेल रहा हैं
- अमेरिकी नाकेबंदी से बढ़ेगा तनाव- चीनी विदेश मंत्रालय



## ईरान को हथियार देने से आरोपों को चीन ने किया खारिज

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग का यह बयान अमेरिका की ओर से ईरान की मदद करने के आरोप और बीजिंग पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी देने के बाद सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने इस बात से साफ इनकार कर दिया कि वह ईरान को एयर डिफेंस से जुड़े हथियार मुहैया करा रहा है और कहा कि अगर ट्रंप इस आरोप को बहाना बनाकर चीनी सामानों पर अतिरिक्त 50% टैरिफ लगाते हैं, तो इसके बाद चीन भी जवाबी कार्रवाई करेगा। मामले की जानकारी रखने वाले एक शख्स ने अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि चीन अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नए एयर डिफेंस हथियार देने की योजना बना रहा है या फिर पहले ही भेज चुका है। इसी वजह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर अतिरिक्त 50% टैरिफ लगाने की धमकी दी है।बीजिंग ने ईरान के बंदरगाहों पर अमेरिकी नाकेबंदी को खतरनाक और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है।

### 270 अरब डॉलर का नुकसान

ईरान-अमेरिका तनाव के बीच ईरानी सरकारी प्रवक्ता फातिमेह मोहजेरानी ने बताया कि अमेरिका-इजराइल हमलों से ईरान को हुए नुकसान का प्रारंभिक अनुमान लगभग 270 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा, 'यह आंकड़ा अभी अंतिम नहीं है। युद्ध क्षतिपूर्ति हमारे वार्ता एजेंडे का महत्वपूर्ण मुद्दा है।

### यूएन ने बातचीत जारी रखने की अपील की

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी रखने की अपील की है। यह जानकारी उनके प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता स्टेफान दुजारिक ने बताया कि पाकिस्तान में आयोजित इस्लामाबाद वार्ता में संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच कोई समझौता नहीं हो सका, लेकिन बातचीत से यह साफ हुआ कि दोनों पक्ष गंभीरता से संवाद कर रहे हैं। इसे आगे की बातचीत के लिए एक सकारात्मक और महत्वपूर्ण कदम माना गया।

### अमेरिका को संभालनी होगी एआई की कमान

## जिम्मेदारी के साथ विकसित करनी होगी तकनीक: पिचाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सुंदर पिचाई ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर अपनी दूरदर्शी सोच साझा की। उन्होंने एआई को अब तक की सबसे गहन और प्रभावशाली तकनीक बताया। पिचाई का मानना है कि यह तकनीक इतिहास की उन महान खोजों की तरह है, जिन्होंने पूरी दुनिया के काम करने और जीने के तरीके को हमेशा के लिए बदल दिया। उन्होंने अमेरिकी कंपनियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिस तरह अमेरिका ने पिछली तकनीकी क्रांतियों का नेतृत्व किया है, वैसे ही उसे एआई के क्षेत्र में भी दुनिया का मार्गदर्शन करना चाहिए। पिचाई के अनुसार, हमें इस तकनीक को साहस और जिम्मेदारी के साथ विकसित करना होगा ताकि यह केवल मुनाफे का जरिया न रहकर जनहित का माध्यम बने।

### जंग के बीच नेतन्याहू को झटका

## इटली ने इजराइल के साथ सभी रक्षा समझौते कर दिए रद्द

**_मेलोनी ने पोप का किया समर्थन होर्मुज खोलने की वकालत की_**

एजेंसी ▶▶



इस्लामबाद में हुई विफल वार्ता के बाद पश्चिम एशिया में एक बार फिर से तनाव बढ़ने लगा है। अमेरिका ने एक बार फिर ईरान को धमकाया है। इस बीच इटली ने इजराइल को बड़ा झटका दिया है। इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि उनका देश इजराइल के साथ सभी रक्षा समझौते को सस्पेंड करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह फैसला वर्तमान स्थिति को देखते हुए लिया गया है।

